राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समाचार गेट

TITLE CODE: HARHIN11569

वर्ष 1, अंक 173, पेज 8, मूल्य 1 रूपये सोमवार, 9 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

राजेश नागर के चुनाव कार्यालयों पर जुट रही क्षेत्र की जनता

Page 3

पहला कॉलम

बच्चों को चल संपत्ति नहीं माना जा सकताः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली । नाबालिक बच्चे की बंदी प्रत्यक्षीकरण के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति एजी मसीह की खंडपीठ ने अपने निर्णय में कहा है। न्यायालय को मानवीय आधार पर कार्य करना होगा। जब कोर्ट किसी भी नाबालिक बच्चों के संबंध में विचार करता है। बच्चे को संपत्ति की तरह नहीं माना जा सकता है। बच्चे पर पडने वाले प्रभाव को भी न्यायालय को देखना होगा। सुप्रीम कोर्ट में 2 साल 7 माह की बच्ची की कस्टडी से जुड़ा हुआ मामला पहुंचा था। 2022 में बच्ची की मां की मौत हो गई थी। बच्ची मौसी के पास थी। हाईकोर्ट ने उस बच्ची को उसके पिता और दादा- दादी को सौंपने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है। हाईकोर्ट ने बच्ची के हित पर विचार नहीं किया। हाईकोर्ट ने केवल पिता के अधिकार को मानते हुए बच्ची को कस्टडी में सौंपने के आदेश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी किया है। 21 सितंबर से प्रत्येक पहले, तीसरे और पांचवें शनिवार को बच्ची की मौसी 3 बजे, तथा बच्ची के पिता और दादा-दादी शाम 5 बजे बच्ची से मिल सकेंगे।

भेड़िए का आतंक.....पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय बने आश्रय स्थल

बहराइच । उत्तर प्रदेश के कई ग्रामीण इलाकों में भेड़िए के आतंक से लोग परेशान हैं। भेड़िए के हमले से कई लोगों की जान जा चुकी है। भेड़िये के हमलों से सबसे ज्यादा प्रभावित वे लोग हैं, जो या बेघर हैं या जिनके आवास में दरवाजे या मजबूती नहीं है। इन लोगों के रात में रहने के लिए प्रशासन ने पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालयों को आश्रय घर बनाया है। इन आश्रय स्थलों में रात के समय लोगों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम कर दिए गए हैं, इसमें लाइट, पीने का साफ पानी, शौचालय, पंखे और बिस्तर जैसी सुविधाएं शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनके पास अपने घरों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। भेड़ियों से उनकी जान को खतरा था। इसकारण वे इन अस्थायी आश्रय स्थलों में रह रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में भेड़ियों के हमलों में 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 9 बच्चे शामिल हैं, जबकि लगभग 4 दर्जन लोग घायल हुए हैं। यह गंभीर स्थिति प्रशासन और वन विभाग के लिए चिंता का विषय बन गई है। भेड़ियों को पकड़ने के लिए भारी पुलिस फोर्स, वन विभाग की 7 जिलों की टीमें, शार्प शूटर्स और स्पेशलिस्ट को तैनात किया गया है।

लालू-तेजस्वी को राहत.....समन पर आदेश की तारीख आगे बढ़ी

नई दिल्ली । दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन पर आदेश टाल दिया। मामले को आदेश के लिए 13 सितंबर को सुनवाई होगी। 6 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लालू, तेजस्वी और नौ अन्य के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था। तीन आरोपियों की मौत हो चुकी है। इसके पहले मामले में 24 अगस्त को पूर्व रेल मंत्री लालू, तेजस्वी यादव और आठ अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के बारे में अपना आदेश स्थगित कर दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने अभियोजन पक्ष की शिकायत (ईडी के आरोपपत्र के समकक्ष) पर आदेश सात सितंबर तक के लिए टककर कहा कि कुछ स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। पूरक आरोप पत्र छह अगस्त को अदालत के समक्ष दायर किया गया था। ईडी का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है। इस बीच अदालत ने संघीय एजेंसी को एक सह-आरोपी लल्लन चौधरी का मृत्यु प्रमाण पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया।

पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत आ रहे अबू धाबी के क्राउन प्रिंस

-शेख खालिद 9-10 सितंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा पर

नई दिल्ली । भारतीय विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान 9-10 सितंबर को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे है। अबू धाबी के युवराज के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। अल नाहयान के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। वे सोमवार को पीएम मोदी से मिलने और द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा करने वाले है। जिसके बाद वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर बाद में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट जाएंगे। अपनी यात्रा के दूसरे दिन वह एक बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, इसमें दोनों देशों के बिजनेस प्रमुख हिस्सा ले रहे है। विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रिंस की यात्रा मजबूत भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी और नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के रास्ते खोलेगी।

90 सीट पर 3000 की दावेदारी कांग्रेस के लिए टिकट चाहने वालों को मनाना बड़ी चुनौती

समाचार गेट/एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने 32 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में ज्यादातर सुरक्षित सीटों पर उम्मीदवार उतारे गए हैं। अब पार्टी बाकी सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करने से पहले नाखुश टिकट चाहने वालों को मनाने की तैयारी में जुट गई है। 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गुरुवार को 32 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। इस लिस्ट में 28 मौजूदा विधायक, पहलवान विनेश फोगाट, ल्ढउउ प्रमुख उदय भान, पूर्व विधायक राम

करण काला और निर्दलीय विधायक धर्म पाल गोंदर के नाम शामिल हैं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने इसे सुरक्षित सूची बताया है। कांग्रेस आलाकमान के नेताओं को आशंका है कि दूसरी सूची जारी होने के बाद बगावत हो सकती है।

शुक्रवार तक पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (उएउ) ने 71 नामों को मंजूरी दे दी थी। कांग्रेस आलाकमान ने लोकसभा सांसद सैलजा कुमारी, राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला, पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह और अन्य सांसदों को टिकट के लिए आवेदन करने वाले अपने वफादारों और समर्थकों को मनाने के प्रयास करने का काम सौंपा है। 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए लगभग 3,000 उम्मीदवारों ने पार्टी टिकट के लिए आवेदन किया है। टिकट चाहने वालों में से अधिकांश वे हैं जिन्हें लोकसभा चुनावों के दौरान उनके सक्रिय और गहन अभियान के लिए उम्मीदवारी का वादा किया गया था। नतीजतन, उन सभी को अपने क्षेत्र के सांसदों या उन नेताओं से बहुत उम्मीदें हैं, जिनसे वे जुड़े हैं।

कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि कई निर्वाचन क्षेत्रों से कई आवेदन हैं। खासकर वे जो अलग-अलग जातियों के लिए आरक्षित हैं। इसके अलावा हम हर ब्लॉक में ऐसे लोगों से मिले हैं जिन्हें लोकसभा चुनावों के दौरान उनके काम के इनाम के तौर पर विधानसभा चुनाव का टिकट देने का वादा किया गया था। ऐसे में कांग्रेस के पक्ष में एक मजबूत लहर के साथ भावनाएं तेज हैं। हमें उम्मीद है कि हम स्थिति को नियंत्रित करने में सक्षम होंगे।

हुड्डा कांग्रेस विधायक दल (उछढ) के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने टिकट चाहने वालों में नाराजगी को अस्थायी चरण करार दिया। हुड्डा ने कहा कि ऐसी घटनाएं होती रहती हैं और हमें हमेशा एक-दो ऐसे उदाहरण मिलते हैं। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और कोई समस्या नहीं होगी। हमारे वरिष्ठ नेता पहले से ही बाहर हैं। नामांकन के बाद एक बार चुनाव प्रचार शुरू हो जाएगा, तो सब कुछ ठीक हो जाएगा। जल्द ही, पार्टी और सूचियां लेकर आएगी। कांग्रेस आलाकमान ने वरिष्ठ नेताओं को कोई कोटा आवंटित नहीं किया है, लेकिन सैलजा और सुरजेवाला से विशेष रूप से अपनी पसंद के उम्मीदवारों के नाम सुझाने को कहा गया है।

शाह की पाकिस्तान को दो टूक.....

जब तक शांति नहीं, तब तक कोई बातचीत नहीं

आतंकवाद में लिप्त लोगों को जेल से छुड़ाना चाहती हैं कांग्रेस

जम्मू ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने बिरादरी ग्राउंड, परौला पहुंचे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, राहुल गांधी को मैं एक बात कहना चाहता हूं कि कितना भी जोर लगा लो गुर्जर, बकरवाल पहाड़ियों और दलितों के आरक्षण को हम हाथ नहीं लगाने देने वाले...जब तक शांति नहीं होगी, पाकिस्तान से कोई बात नहीं होगी। शाह ने कहा, यह संयोग है कि भाजपा की पहली चुनावी रैली गणेश चतुर्थी के दिन शुरू हो रही है। आगामी चुनाव ऐतिहासिक चुनाव हैं। देश की आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के मतदाता तिरंगे के नीचे अपना वोट करने वाले है।

शाह ने कहा हमारी पार्टी ने घर-घर जाकर इनके (नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस) विभाजनकारी एजेंडे के प्रति लोगों को जागरूक किया है। मैंने खुद प्रेस वार्ता कर नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस के विभाजनकारी एजेंडे को उजागर किया था। लेकिन आज मैं आप सब के सामने आया हूं, क्योंकि मैं मीडिया से ज्यादा भरोसा आप पर करता हूं क्योंकि मैं भी आपकी जमात वाला हूं, मैं भी बूथ अध्यक्ष रहा हूं।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा अनुच्छेद-370 हटने से 70 साल के बाद जम्मू कश्मीर की माताओं-बहनों को अधिकार मिला है। एन व कांग्रेस पार्टी ये अधिकार छीनना चाहती है। नेशनल कांफ्रेंस व

कांग्रेस पार्टी पत्थरबाजी व आतंकवाद में लिप्त लोगों को जेल से छोड़ना चाहती है ताकि जम्मू, पुंछ, राजौरी जैसे क्षेत्र जहां शांति है, वहां फिर से आतंकवाद आए। क्या आप इन क्षत्रों में आतंकवाद को फिर से आने दोगे? जम्मू-कश्मीर में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरणों में मतदान होगा। पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को होना है, जबकि अन्य दो चरण 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होंगे। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

ऋषि परंपरा के बल पर भारत का बजता है डंका-उपराष्ट्रपति धनखड़

चित्रकूट ।

देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत ऋषि परंपरा का देश है। यहां पर सप्त ऋषियों की पूजा होती रही है। भारत का इसी परंपरा के बल पर डंका बजता है। चारों तरफ अशांति और व्यक्ति के जीवन में तरह-तरह की कठिनाइयां हैं लेकिन भारत देश में इन सब कठिनाइयों को दूर करने के लिए ऋषि परंपरा ही समाधान है। उपराष्ट्रपति शनिवार को चित्रकूट जिले पहुंचे। राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने पुष्प गुच्छ भेटकर उनका स्वागत किया। चित्रकूट में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करने के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय पहुंचे। जगतगुरु रामभद्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि वे त्रिवेणी हैं और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें बड़ा भाई मानती हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके मित्र हैं और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उनके भाई हैं।

जम्मू कश्मीर चुनावः भाजपा ने बदली रणनीति, गठबंधन के तलाश रही रास्ते

जम्मू (एजेंसी)। बीते दो दशक बाद जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। यहां भारतीय जनता पार्टी अपनी ताकत के साथ चुनाव लड़ रही है। उसे भरोसा है कि उसकी सरकार बनेगी। हालांकि अभी तक भगवा पार्टी एक ही बार सरकार बनाने में सफल रही है, वह भी पीडीपी के साथ गठबंधन में। इस चुनाव में भाजपा अपने दम पर किस्मत आजमा रही है। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने दावा किया है कि भाजपा जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अपनी पार्टी जैसी पार्टियों के साथ चुनाव बाद गठबंधन कर सकती है। बता दें कि भाजपा के अपने घोषणापत्र में 25 वादे हैं। मुख्य रूप से महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण, कश्मीरी पंडितों की वापसी, मंदिरों के जीर्णोद्धार और आतंकवाद का सफाया करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। आपको जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 18, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को

तीन चरणों में होने हैं।

उमर अब्दुल्ला ने गंदेरबल के शालबुग में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनाने के लिए अन्य पार्टियों के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ गठबंधन करने को तैयार है। उन्होंने कहा, गृह मंत्री अमित शाह उन पार्टियों के नाम ले रहे थे जिनके साथ वे सरकार नहीं बनाएंगे। उन्होंने इंजीनियर रशीद की पार्टी, अपनी पार्टी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस समेत कई पार्टियों का नाम नहीं लिया। इसका मतलब है कि कल अगर भाजपा चाहेगी तो उनके साथ सरकार बना सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, दो सीटों से निर्दलीय उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने वालों के साथ भी गठबंधन कर सकती है।कांग्रेस और एनसी पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा था कि दोनों पार्टियां पुरानी व्यवस्था को वापस लाना चाहती हैं और पाकिस्तान के साथ बातचीत शुरू करना चाहती है। हालांकि, अमित शाह ने कहा कि जब तक शांति स्थापित नहीं हो जाती तब तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों दलों के घोषणापत्रों का उद्देश्य आतंकवाद फैलाना, गुज्जरों, बकरवाल, पहाड़ी और दलितों से आरक्षण छीनना, अपराधियों को रिहा करना और पाकिस्तान के साथ एलओसी व्यापार शुरू करना है।

पश्चिमी महाराष्ट्र में राहुल गाँधी की यात्रा से कांग्रेस को मिली एक नई ऊर्जा

मुंबई, । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के सांगली जिले का दौरा किया. इसके बाद एक तरह से आगामी विधानसभा चुनाव अभियान का नारियल फोड़ दिया गया, जिसकी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर व्यक्त की गयी। हालांकि इस दौरे में शिवसेना (ठाकरे) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, कुछ अन्य नेता अनुपस्थित रहे। लेकिन महाविकास अघाड़ी के बाकी दल के नेता मंच पर थे। राहुल गांधी ने देश की राजनीतिक और सामाजिक स्थिति को जिस प्रकार से स्पष्ट किया उससे सत्तारूढ़ दल में बेचैनी छा गई है। उन्होंने मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहा, पहले आप गलती करें और फिर माफी मांगने का समय आ जाए। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र के डीएनए में कांग्रेस है, जिससे कांग्रेस और कार्यकर्ताओं को ताकत मिलेगी। आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान सांगली निर्वाचन क्षेत्र पूरे राज्य में मशहूर हो गया था. कांग्रेस का गढ़ रहे इस जिले में एक बार फिर कांग्रेस का सांसद बना. अब जब विधानसभा की बयार चल रही है, तो ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि सांगली का चुनाव फिर से लोकसभा की तरह दिलचस्प होगा। लोकसभा चुनाव के दौरान यहां कांग्रेस एकजुट होकर लड़ी और जीत हासिल की. विधान सभा में वह प्रयोग दोहराया जाएगा या नहीं, इस पर अब लोगों का ध्यान है. बहरहाल आज की तस्वीर ये है कि सांगली दिल्ली तक खबरों में बना रहेगा। वहीं राहुल की यात्रा ने पश्चिमी महाराष्ट्र में कांग्रेस को एक नई ऊर्जा और ताकत दिया है और कार्यकर्ता भी रिचार्ज हो गये हैं।

चिराग पर नकेल कसने की तैयारी~चाचा पारस को जल्द बनाया जा सकता है राज्यपाल

पटना (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान केंद्र सरकार के कई कई महत्वपूर्ण फैसलों पर सवाल खड़ा कर चुके हैं। चिराग ने केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण फैसले जैसे कि वक्फ बिल और सरकारी नौकरी में लैटरल एंट्री का विरोध किया था। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के अनुसूचित जाति और जनजाति कोटा में सब कैटिगरी और क्रीमी लेयर को चिन्हित करने के फैसले का भी विरोध किया था। चिराग के इन सभी कदम से बीजेपी जाहिर तौर पर असहज महसूस कर रही थी। इसी कारण से चिराग को नियंत्रित करने के लिए उनके चाचा, जिससे उनकी पुरानी अदावत है का राजनीतिक तौर पर एक्टिवेट किया जा रहा है। पशुपति पारस का कद बढ़कर बीजेपी चुनाव पासवान को स्पष्ट संदेश देना चाहती है कि चिराग पासवान केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण फैसलों में ज्यादा दखलअंदाजी ना करें।

चिराग के बयानों को देखते हुए अब बीजेपी उन पर लगाम लगाने की तैयारी में है और उनके चाचा पशुपति पारस को अब एक बार फिर से एनडीए में तरजीह दी जा सकती है। माना जा रहा है कि पशुपति पारस, जो पिछले कुछ महीनो से राजनीति में हाशिए पर पड़े हैं उन्हें जल्द ही किसी राज्य का राज्यपाल या फिर किसी महत्वपूर्ण केंद्रीय

बोर्ड का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। बीजेपी अगर पशुपति पारस का कद बढ़ाकर उन्हें किसी राज्य का राज्यपाल या किसी केंद्रीय बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त करती है तो जाहिर सी बात है कि पशुपति पारस का कद बढ़ने से वह चिराग पासवान के बराबर आ जाएंगे और फिर भाजपा पशुपति पारस के जरिए चिराग पर नियंत्रण रखना चाहती है। पशुपति पारस पिछले कुछ महीनो से राजनीति में हाशिए पर पड़े हुए हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में एनडीए में रहते हुए भी बीजेपी ने उन्हें बिहार में एक भी सीट लड़ने को नहीं दी जिसको लेकर पशुपति पारस ने अपनी नाराजगी व्यक्त की थी मगर फिर भी वह एनडीए में बने हुए हैं।

पिछले दिनों पशुपति पारस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी दिल्ली में मुलाकात की थी जिसके बाद इस बात को बल मिला कि जल्द ही पारस का कद बढ़ाया जा सकता है और उन्हें किसी राज्य का राज्यपाल या केंद्रीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

पीएफआई की साजिश के तहत बढ़ रही है हरिद्वार की जनसंख्या : मंत्री गिरिराज सिंह

पटना । केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के एनआरसी वाले बयान पर अभी बवाल शांत भी नहीं हुआ था कि उन्होंने एक बार फिर से हरिद्वार में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी बड़ी बात कही है। गिरिराज सिंह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर हरिद्वार में बढ़ी जनसंख्या के पीछे की मुख्य वजह पीएफआई की साजिश को बताया है गिरिराज सिंह ने अपने पोस्ट में आंकड़ों का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह से मुस्लिम आबादी बढ़ी है और यह एक तरह से पीएफआई की बड़ी साजिश के तहत किया जा रहा है। गिरिराज सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा- भारत के सभी सनातनियों-तथाकथित सेक्युलरों-हरिद्वार की जनसंख्या नहीं बढ़ी है, बल्कि यह पिछले कुछ समय से पीएफआई जैसे संगठनों द्वारा बढ़ाई गई है। क्या हरि का द्वार इस इस बुरी नजर से बच पाएगा?

आखिरकार कंगना की इमरजेंसी पर चली सेंसर की कैंची, लगाए गए तीन कट

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्ट्रेस और भाजपा सांसद कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 6 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसके रिलीज पर रोक लगा दी गई। विवाद के कारण इसकी रिलीज पर रोक लगने से पहले, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की जांच समिति ने इस शर्त पर इसे यूए सर्टिफिकेशन के लिए मंजूरी दे दी है, लेकिन रिलीज के पहले इसमें 10 बदलाव किए गए हैं। इसकी लिस्ट सेंसर बोर्ड की तरफ से मेकर्स को भेज दी गई है। इमरजेंसी में तीन कट भी लगाएंगे गए और इसे यूए सर्टिफिकेट दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, इसमें तीन सीन काटे गए हैं, जो सीबीएफसी को आपत्तिजनक लगे। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के भारतीय महिलाओं के लिए बोले गए अपमानजनक शब्दों और विंस्टन चर्चिल के भारतीयों के लिए कहा गया खरगोशों की तरह प्रजनन शामिल है।हाल ही में कंगना ने ट्विटर पर कहा था, उनके साथ सेंसर बोर्ड के लोगों को भी बहुत धमकियां मिल रही हैं। हम पर

श्रीमती गांधी की हत्या, जरनैल सिंह भिंडरावाले और पंजाब में हुए दंगे न दिखाने का दबाव है। मैं समझ नहीं पा रही हूं कि फिर हम क्या दिखाएं। मुझे नहीं पता कि फिर क्या दिखाएं कि फिल्म अचानक से ब्लैक आउट हो जाती है। ये मेरे लिए अविश्वसनीय वक्त है और मैं देश में इस वक्त जो हालात हैं उन्हें देखकर मुझे दुख महसूस हो रहा है।कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की कहानी देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने पीएम पद पर रहते हुए साल 1975 से लेकर 1977 तक 21 महीने की इमरजेंसी देश में लागू कर दी थी। इसको लेकर उस दौरान इंदिरा गांधी की खूब आलोचना हुई थी। फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में हैं।

10 सितंबर को आफताब अहमद का नामंकन, समर्थकों को दिया न्यौता

(अनिल मोहनियां नूंह)
नूंह से वर्तमान विधायक व एक बार फिर कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित चौधरी आफताब अहमद मंगलवार दस सितंबर को सुबह 10 बजे अपना नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं जिससे पूर्व उन्होंने अपने समर्थकों को निमंत्रित किया है। बता दें कि नूंह से कांग्रेस के दिग्गज नेता व मौजूदा विधानसभा में कांग्रेस दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद को एक बार फिर कांग्रेस ने नूंह से प्रत्याशी घोषित किया है। जानकारी के अनुसार आफताब अहमद मंगलवार को अपना नामांकन करेंगे। विधायक आफताब अहमद ने अपने समर्थकों को निमंत्रित करते हुए अपील कि है कि उनके सभी साथी, सहयोगी, हमदर्द, शुभचिंतक, कांग्रेस परिवार के प्रत्येक सदस्य, नूंह जिले के हर नागरिक, प्रदेश व देश भर से उन से जुड़े हुए सभी भाई बहन दिल से उनके नामांकन सभा में आमंत्रित है। उन्होंने सभी की दुआओं और आशीर्वाद की अपील करते हुए कहा कि ये टिकट उनके कार्यकताओं को समर्पित हैं और आगे जो कामयाबी मिलेगी वो भी उन्हें ही समर्पित रहेगी। विधायक आफताब अहमद ने इस बीच अपने चुनाव प्रचार को रोक कर जिले में अत्याधिक जल भराव के समाधान के लिए जिला उपायुक्त से बैठक की। उन्होंने कहा कि जिले में कई जगह बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। प्रशासन से कई बार बैठकों के बाद समाधान नहीं निकला है। जो पंप लगाए गए उनके सही से काम नहीं करने की शिकायतें मिल रही हैं। जिला उपायुक्त नूंह ने विधायक आफताब अहमद को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी मांग का संज्ञान लेकर उन्होंने चंडीगढ़ अधिकारियों को पत्र लिखकर अधिक संसाधनों के लिए कहा है। जल भराव की समस्या का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा।

शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

अनिल मोहनियां नूंह
हरियाणा संस्कृत आदर्श विद्यापीठ सम्बदध केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य राजेश छछेडा को प्रशस्ति पत्र, शाल फूल माला ग्राम ज्ञान उपयोगी पुस्तक देखकर सम्मानित किया गया यह कार्यक्रम हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ बघोला पलवल के उन व्यक्तियों को दिया गया जिन्होंने संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए अपना बहुमूल्य समाज में योगदान दिया है आचार्य राजेश को पहले भी हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित किया गया अनेकों संस्थाओं द्वारा भी सम्मानित किया गया। सामाजिक कार्यों के लिए आचार्य राजेश को नेपाल में भी सम्मानित किया जाएगा। आचार्य राजेश धार्मिक सामाजिक आध्यात्मिक कार्य के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों रोकने में भी अपना योगदान देता है योग और संस्कृति के प्रचार के लिए स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालय में जाकर के सेमिनार आयोजित करता है यह सम्मान प्राचार्य प्रभारी डॉ पशुपतिनाथ मिश्र, डॉ राजकुमार मिस्त्र,डॉ उषा पंडित, लाल बहादुर शास्त्री विश्वविद्यालय के व्याकरण विभाग अध्यक्ष भागीरथी नंदा, डॉ नंदकिशोर शास्त्री, पूर्व प्राचार्य हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ डॉ सतीश चंद्र शर्मा डॉ संपत, विजय शास्त्री प्रभारी प्राचार्य मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल धतीर, प्रेमचंद शास्त्री, राकेश शास्त्री, तेजपाल शास्त्री अन्य पूर्व स्नातक भी उपस्थित रहे।

16 घंटे से नूंह जिले में झमाझम बारिश, चारों तरफ पानी ही पानी

(अनिल मोहनियां नूंह)
पिछले करीब 16 घंटे से नूंह जिले में झमाझम बरसात हो रही है। बरसात के कारण लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। आसमान में बादल गरज रहे हैं तो धरती पर चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। गांव की गलियां भी नहर - नालों में तब्दील हो चुकी है। बिजली से चलने वाले उपकरण पूरी तरह से शोपीस बनकर रह गए हैं। इलाके में अधिक बरसात होने की वजह से ज्वार - बाजरा इत्यादि की फसलों पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। जगह - जगह जलभराव होने की वजह से बीमारियों के फैलने का खतरा भी अब मंडराने लग गया है। कुल मिलाकर इलाके में बरसात अधिक हुई है। कुछ इलाकों में तो इतना पानी भर गया है कि सरसों व गेहूं की बिजाई पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इसके अलावा कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने जल भराव को लेकर उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा से मुलाकात की है। नूंह शहर टापू में तब्दील होता जा रहा है। लोगों के घरों में पानी घुस गया है। इससे पहले भी उन्होंने जलभराव को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात की थी और जल भराव की समस्या से निपटने की बात कही थी, लेकिन नूंह शहर में पानी की निकासी का कोई पुख्ता प्रबंध नहीं है। चंद पंप लगाकर पानी को निकाला तो गया, लेकिन लगातार हो रही बरसात की वजह से जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। स्थानीय विधायक आफताब अहमद पूरी कोशिश में लगे हुए हैं कि जल भराव से कैसे निपटा जाए। सिस्टम कुदरत के सामने पूरी तरह से फेल दिखाई दे रहा है। अभी भी आसमान पर बादल छाए हुए हैं और बरसात हो रही है। अगर अगले कुछ घंटे ऐसे ही बरसात होती रही तो यहां बाढ़ जैसे हालात भी पैदा हो सकते हैं और दूसरी तरफ पिनगवां क्षेत्र के सैंकड़ों गांव अंधेरे में डूबे रहने की संभावना है, क्योंकि बिना बरसात रुके बिजली विभाग के कर्मचारी तकनीकी खराबी को दूर नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि पिछले करीब 16 घंटे से 1 मिनट के लिए भी बिजली नहीं आई है।

पारदर्शी, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना है जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : धीरेंद्र खड़गटा

- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने किया पीठासीन अधिकारियों को संबोधित

(अनिल मोहनियां नूंह)
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि पारदर्शी, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह तभी संभव है जब बूथ पर मौजूद प्रत्येक अधिकारी अपने कार्य का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें।

उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी चुनाव के लिए शारीरिक रूप के साथ-साथ अपने आप को मानसिक रूप से भी तैयार रखें। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव हमारे लिए खुद को बेहतर साबित करने व आत्मसंतुष्टि का सुखद अवसर है।

धीरेंद्र खड़गटा रविवार को नल्हड़ मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में पीठासीन अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों को चुनाव के दौरान उनकी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के बारे में बताते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारी चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर शांति और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए रखें। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर समय पर उपस्थित होना होगा और मतदाताओं को सही तरीके से मतदान करने में मदद करनी होगी।

इसके अलावा, जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों को मतदान के दौरान किसी भी तरह की हिंसा या अव्यवस्था को रोकने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने के निर्देश दिए।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 5 अक्टूबर को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने व अन्य लोगों को भी मतदान जरूर करने बारे प्रेरित करने तथा धर्म, संप्रदाय, जाति के भेदभाव के बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को मतदान के दौरान अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पीठासीन अधिकारी चुनाव के दौरान अपने कर्तव्यों का पालन करके लोकतंत्र को मजबूत बनाने में

- चुनाव ड्यूटी निष्ठापूर्वक निभाएं अधिकारी

- पीठासीन अधिकारियों की हुई ट्रेनिंग

महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को चुनाव की ट्रेनिंग देते हुए कहा कि चुनाव सामग्री को संभालने के बाद पीठासीन अधिकारीयों को अपने बूथ पर जाकर सबसे पहले बूथ का निरीक्षण करना चाहिए। मतदान केंद्र में ईवीएम मशीन का स्थान खिड़की से दूर होना चाहिए। जिससे कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। यह ध्यान रखें कि प्रत्येक मतदाता ईवीएम का बटन स्वयं दबाए। कोई मतदाता कुछ पूछता है तो उसका जवाब बूथ पर नियुक्त पोलिंग पार्टी के सदस्य दे सकते हैं। मतदाता के साथ कोई दूसरा आदमी ईवीएम के समीप ना जाए।

उन्होंने ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि मतदान सुबह सात बजे शुरू हो जाना चाहिए। इसलिए अपनी मॉक पोल की प्रक्रिया सुबह 5.30 बजे शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया शाम 6 बजे तक जारी रहेगी। इस समय कुछ मतदाता कतार में लगे हुए हैं तो उनको लाइन में पीछे खड़े मतदाता को पर्ची क्रमांक एक से शुरू कर पहले व्यक्ति तक पर्ची नंबर बांट दें। जिससे कि और आदमी लाइन में लगकर खड़े ना हों। उन्होंने कहा कि बूथ पर जाकर प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट के फार्म पहले दिन ही भरवा लें। इसके लिए फार्म नंबर दस भरा जाएगा।

उन्होंने सभी अधिकारी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करें और भारत निर्वाचन आयोग की निर्देशों की पूर्ण जानकारी लें। कोई भी कार्य ऐसा नहीं होना चाहिए कि चुनाव आयोग की पालना न करता हो। उन्होंने चुनाव से जुड़े अधिकारियों को चुनाव अधिकारी की डायरी, फॉर्म एवं ईवीएम रिकॉर्ड सहित विभिन्न फार्मों की विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर एसडीएम नूंह प्रदीप अहलावत, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डॉ. चिनार चहल, जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल सहित पीठासीन अधिकारी मौजूद रहे।

प्रजापत समाज ने चिरंजीव राव को दिया अपना समर्थन

समाचार गेट/ निकिता माधोगढ़िया
रेवाडी। प्रजापत समाज के लोगों ने एकत्रित होकर रेवाडी से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार चिरंजीव राव को अपना समर्थन दे दिया है। आज दक्ष प्रजापत चैक के नजदीक एक निजी वाटिका में प्रजापत समाज की बैठक हुई जिसमें एक जुटता से निर्णय लिया गया कि विधानसभा चुनाव में वे चिरंजीव राव को भारी मतों से जीताएंगें। समाज के लोगों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने अनेकों सौगात हमारे समाज को दी थी जिसका हम एहसान मानते हैं और कांग्रेस पार्टी के साथ खडे हैं और खडे रहेंगें वहीं हमारे समाज के लोग करीब 32 गांवों में है। हमारे समाज के लोग हर गांव में घर घर जाकर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को जीताने की अपील करेंगें। विधायक चिरंजीव राव ने प्रजापत समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में दक्ष प्रजापति चैक बनवाया गया। कई गांवों में प्रजापति समाज की धर्मशाला बनवाई गई और लाखों रुपए की ग्रांट भी दी गई। अब दोबारा कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है, समाज की ओर भी जो मांगे हैं उनको भी पूरा करवाया जाएगा। चिरंजीव राव ने सभी से अपील भी कि 9 सितंबर सोमवार को वे नामांकन करेंगें। नामांकन के लिए उनके निवास स्थान मॉडल टाउन में सभी लोग एकि त्रत होगें और राजीव चैक तक पैदल जाएगें। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार चिरंजीव राव को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। चिरंजीव राव ने रेवाडी शहर में पदयात्रा की जिसमें उनको लोगों का भारी समर्थन मिला है। कांग्रेस पार्टी का परिवार निरंतर बढता जा रहा है और कांग्रेस पार्टी में आस्था दिखाते हुए रोजाना लोग शामिल हो रहे हैं। वहीं कुछ दिनों पहले पंजाबी समाज के लोगों ने चिरंजीव राव को अपना समर्थन दिया था और अब प्रजापत समाज ने भी अपना समर्थन दे दिया है। जबकि शनिवार को एक विशाल काफिले के साथ चिरंजीव राव का स्वागत कापडीवास में हजारों लोगों ने किया था, जिससे विरोधियों के होंस उडे हुए हैं।

शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने प्रैस परिषद के सदस्यों को किया सम्मानित

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज
होडल : अखंड भारत संस्कार सभा, भगवान परशुराम सेवा समिति होडल, भारत स्काउंट एंड गाईड तथा दादा परशुराम सेवा समिति खाम्बी के संयुक्त तत्तवावधान में रविवार को आदर्श कालोनी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थाओं के सदस्यों ने नवगठित होडल प्रैस परिषद के पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षाविद बाबूराम गर्ग ने की। इस अवसर पर दादा परशुराम सेवा समिति खाम्बी के प्रधान युधिष्टर शर्मा, उपाध्यक्ष मा.भूपेश, कोषाध्यक्ष प्रवीन शर्मा,रोहताश शर्मा, पंडित देवकीनंदन, बिजेंद्र वशिष्ठ, सेवानिवृत शिक्षक मनीराम शर्मा, समाजसेवी यशवीर शर्मा, बृजेश शर्मा, योगेश सौरोत, मा.गंगाराम शास्त्री, मा.देवी प्रसाद,सतीश कुमार, तेजराम शर्मा सहित अन्य दर्जनों गणमान्य व्यक्तियों ने होडल प्रैस परिषद के प्रधान मधुसूदन भारद्वाज संरक्षक संरक्षक गर्ग ऋषि वरिष्ठ उपप्रधान गौरव उपप्रधान हरिओम भारद्वाज रत्न सिंह महा सचिव रोशन लाल सचिव डोरीलाल गोला खजांची दीपक भारद्वाज मीडिया प्रभारी प्रवीन सैनी महावीर सभी सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत किया। आयोजित कार्यक्रम में शिक्षाविद बाबूराम गर्ग ने कहा कि प्रैस लोकतंत्र का चौथ स्तंभ कहलाता है। पत्रकार साथी जहां क्षेत्र में किसी भी समस्या को अपने अपने समाचार पत्रों और विभिन्न इलैक्ट्रानिक चैनलों के माध्यम से उन्हें प्रमुखता से निपटाने का कार्य करते हैं तो वहीं धार्मिक,शैक्षणिक और राजनैतिक गतिविधियों से भी आमजन को अवगत कराने का कार्य करते हैं। पत्रकार प्रशासनिक अधिकारियों की आंखों का काम करते हैं। हम सभी को प्रैस के साथियों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवी यशवीर शर्मा ने भी प्रैस परिषद का स्वागत किया और कहा कि शहर के पत्रकारों ने संगठित होकर जो इस परिषद का जो गठन किया है, वह सराहनीय है। यह उन्होंने कहा कि कोई भी पत्रकार लोगों को सरकार के कार्यों के पक्ष या विपक्ष में अपनी राय देकर लोकतंत्र को बढ़ावा देता है। संगठित होने से कोई भी कार्य आसान हो जाता है। इस अवसर पर मौजूद सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने होडल प्रैस परिषद के सदस्यों को बधाई दी।

भारत स्काउट गाइड अनुशासन तथा कर्तव्य निष्ठा का अंगूठा संगम है- अशोक बघेल

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज
भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स पलवल के तत्वावधान में शिक्षक दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत स्काउट सम्मान समारोह व प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमंडल अधिकारी (ना.) होडल रणवीर सिंह एच.सी.एस. तथा जिला शिक्षा अधिकारी पलवल अशोक बघेल रहे जबकि अध्यक्षता एन.जी.एफ. शिक्षण संस्थान समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशवणी प्रभाकर द्वारा की गई तथा संचालन संस्था के जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत व सचिव विष्णु गौड द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नूहं सुखबीर सिंह तंवर, खंड शिक्षा अधिकारी हथीन सगीर अहमद, सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी होडल यशपाल गर्ग, वाई.के. क्लासेज पल्लव की प्रबंधक संध्या शर्मा, योगेश तिवारी, जिला रेडक्रॉस के सचिव विजेंद्र सौरोत, जिला ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष महावीर शर्मा,समाजसेवी दीपक चौधरी, यशवीर शर्मा,विष्णु तौमर विद्यालय प्रबंधक राधेलाल, बृजेश शर्मा, महेश शर्मा, भूपेंद्र तेवतिया, मनोज शर्मा, सीमा राजवंशी, कविता नारंग, कुसुम चौधरी, आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर 28 सदस्यीय स्काउट्स गाइड्स की कार्यकारिणी तथा शैक्षिक व सामाजिक क्षेत्र में बेहतरीन योगदान देने वाले 56 स्काउट गाइड यूनिट लीडरों को स्काउट सम्मान प्रदान करते हुए अशोक बघेल ने कहा स्काउट प्रशिक्षण चरित्र निर्माण तथा कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाता है। अशवणी प्रभाकर ने कहा एन.जी.एफ. शिक्षण संस्थान भी भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स की यूनिट स्थापित करके गतिविधियों व प्रशिक्षणो का संचालन करेगा। एसडीएम रणवीर सिंह ने इस अवसर पर 26 रक्तदान करने वाले स्काउट अध्यापकों को सम्मानित भी किया।

कांग्रेस का टिकट मिलने के बाद मेवात पहुंचे मामन खान, उमड़ा जनसैलाब

रोजका मेव से फिरोजपुर झिरका तक जनता ने जगह-जगह किया भव्य स्वागत

(अनिल मोहनियां नूंह)
कांग्रेस की टिकट मिलने के बाद फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान इंजीनियर पहली बार मेवात पहुंचे जहां पर हजारों गाड़ियों के काफिले और समर्थकों के साथ मेवात के बॉर्डर रोजका मेव पहुंचने पर मेवात की जनता ने विधायक मामन खान इंजीनियर का फूल माला से स्वागत किया इतना ही नहीं रोजका मेव उसे फिरोजपुर जीता तक के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब और जगह-जगह किए गए भव्य स्वागत का विधायक ममन खान ने आभार जताया। कांग्रेस ने बीते दिन 32 सीटों की घोषणा की है जिसमें मेवात से तीनों सीटों पर अपने प्रत्याशियों को टिकट दे दिए हैं नूंह से जहां विधायक आफताब अहमद पुनहाना से मोहम्मद इलियास तो वही फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान इंजीनियर को पार्टी ने दोबारा टिकट देकर मैदान में उतारा है टिकट मिलने के बाद मेवात पहुंचे विधायक ममन खान इंजीनियर का मेवात के लोगों ने फूलमालाओं से पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इतना ही नहीं लगभग 50 किलोमीटर रोड शो में मेवात की जनता का भी जनसैलाब देखने को मिला।

मेवात के लोगों ने विधायक मामन खान इंजीनियर के स्वागत और सम्मान में जगह-जगह कार्यक्रम किए गए जिसे देख विधायक ममन खान ने काफी खुश नजर आए इस दौरान विधायक मोहम्मद खान इंजीनियर कहा कि पार्टी ने जो दोबारा टिकट देकर उन पर भरोसा जताया है उसके लिए वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, सोनिया गांधी, राहुल गांधी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, दीपक बावरिया, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, उदयभान और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हैं। जिन्होंने उन पर एक बार फिर अपना विश्वास जताते हुए उन्हें टिकट दी। उन्होंने कहा की इस बार फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र की जनता उनके साथ पिछली बार से भी ज्यादा जुड़कर अपना प्यार और सम्मान दे रही है जिससे उन्हें उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा भरोसा है कि इस बार एक लाख वोटो से वह चुनाव जीत कर दोबारा विधानसभा में पहुंचेंगे। विधायक मामन खान इंजीनियर भरी बरसात में पहुंचे भारी समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि आज बारिश के चलते हजारों की संख्या में जो लोग उनके समर्थन और सम्मान में उमड़े हैं उसके लिए मेवात की जनता का हमेशा आभारी रहूंगा इतना ही नहीं उन्होंने रेवासन ,घासेड़ा, फिरोजपुर नमक , नूंह, मालब , आकेड़ा , भादस, बडकली, बॉडी कोठी ,मंडीखेड़ा सहित सभी गांव में किए गए सम्मान के लिए जनता का आभार जताया।

रेवाड़ी से भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण यादव कल करेंगे नामांकन : डा. वंदना पोपली

समाचार गेट/ निकिता माधोगढ़िया
रेवाड़ी। रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार लक्ष्मण सिंह यादव आगामी 9 सितंबर को अपने हजारों समर्थको वह पार्टी कार्यकताओं के साथ अपना नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने बताया कि प्रातः 9:00 बजे बाईपास स्थित जिला भाजपा कार्यालय से ढोल नगाड़ों व डीजे की धुन पर थिरकते हुए हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक अभय सिंह चौक, धारूहेड़ा चौक, झज्जर चौक, घंटेश्वर मंदिर, अग्रसेन चौक तथा अनाज मंडी होते हुए जिला सचिवालय पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह यादव अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इस नामांकन रैली में ज़िला भाजपा के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

भाजपा ने नहीं बदली टिकट तो अवश्य लड़ूंगा निर्दलीय चुनाव : दीपक डागर

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा का टिकट न मिलने से नाराज वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर के संयोजन में रविवार को गांव जाजरू स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत में क्षेत्र के 104 गांवों के मौजिज लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। लोग महापंचायत स्थल तक डीजे-ढोल नगाड़ों के साथ पूरे जोश-खरोश के साथ पहुंचे। महापंचायत में सर्व सम्मति एक कमेटी का गठन किया गया, जिसने भाजपा शीर्ष नेतृत्व को अल्टीमेटम दिया कि अगर पार्टी जनभावनाओं की कद्र करते हुए पृथला क्षेत्र से दीपक डागर को टिकट देती है तो ठीक है, अन्यथा कमेटी और जनता के आह्वान पर दीपक डागर को निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पृथला क्षेत्र के चुनावी समर में उतारा जाएगा। महापंचायत में मौजूद गणमान्य लोगों ने एक स्वर में कहा कि दीपक डागर पिछले कई वर्षों से





भाजपा के सच्चे सिपाही की तरह क्षेत्र के लोगों की सेवा कर रहे है, हर तरह से मजबूत दीपक डागर की टिकट लगभग पक्की मानी जा रही थी, लेकिन आखिरी समय में उनकी टिकट काटकर बाहरी उम्मीदवार को दे दी गई, जो कि पूरी तरह से गलत है, जिसका हम विरोध करते है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा ने यह निर्णय नहीं बदला तो पृथला क्षेत्र में कमल नहीं खिलेगा। महापंचायत में लोगों का जोश देखते ही बनता था, जैसे ही दीपक डागर महापंचायत में पहुंचे, युवा बिग्रेड उन्हें कंधों पर उठाकर मंच तक लेकर पहुंची, जहां लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। महापंचायत में लोगों के मिले स्नेह रुपी आशीर्वाद से गद्गद् दीपक डागर भाव-विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को उन्होंने अपनी मां समझा था और एक लायक बेटे की तरह इसकी सेवा की, लेकिन पार्टी ने उनके साथ विश्वासघात किया और आखिरी समय में उनका टिकट काटकर बाहरी उम्मीदवार को दे दिया। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी किसी पृथला क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता को टिकट देती तो वह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते, लेकिन बाहरी व्यक्ति को टिकट देकर भाजपा ने पृथला क्षेत्र की जनता का अपमान किया है, जिसे वह किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि बाहरी उम्मीदवार को टिकट देने से पृथला क्षेत्र का भाजपा कार्यकर्ता अंदर से आहत है और पार्टी के इस निर्णय से उसका मनोबल पूरी तरह से गिर चुका है। उन्होंने कहा कि आज इस महापंचायत में 104 गांवों की हजारों-हजारों की भीड़ ने यहां आकर साबित कर दिया कि क्षेत्र की जनता उनके साथ है और जनता भगवान का रूप होती है और आज जनता-जनार्दन ने उन्हें अपना आशीर्वाद दे दिया है। उन्होंने कहा कि कमेटी ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व को दो दिन का समय दिया है अगर इस दौरान भाजपा टिकट बदलती है तो ठीक है, अन्यथा वह जनता के आदेश का सम्मान करते हुए निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में चुनावी रण में कूदेंगे। इस दौरान महापंचायत में मौजूद भीड़ ने एक स्वर में कहा कि दीपक डागर तुम आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ है,

हम तन-मन-धन से तुम्हारा समर्थन करेंगे और यह चुनाव पृथला क्षेत्र का प्रत्येक मतदाता अपने आपको मैं हूं दीपक डागर समझकर लड़ेगा। दीपक डागर ने मंच से सभी का आभार जताते हुए कहा कि उनके इस प्यार व आशीर्वाद का कभी ऋण नहीं उतार सकते और अगर जनता मौका मिला तो चंडीगढ़ पहुंचकर पृथला क्षेत्र को विकास के मामले में देश की सबसे विकसित विधानसभा बनाकर ही दम लेंगे।

युवराज शिमला मुलाना ने स्वर्ण और रजत पदक जीता

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। सत्यवीर धनखड फरीदाबाद के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार युवराज शिमला मुलाना ने 14 साल आयु वर्ग डिस्कश थ्रो इवेंट में 42 मीटर और 75 सैंटीमीटर की बेहतरीन थ्रो कर स्वर्ग पदक जीता और सोनीपत के निशांत ने रजत पदक जीता और शाट पुट में 12 मीटर 79 सैंटीमीटर शाट पुट फेंककर रजत पदक विजेता बनकर पानीपत जिले का नाम रौशन किया। युवराज के चाचा परवीन कुमार ने बताया कि स्वर्ण और रजत पदक विजेता खिलाड़ी युवराज अपना खेल प्रशिक्षण अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी सूबेदार वीरेंद्र धनखड खुबड़ू गन्नौर से ले रहे हैं और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जिले का नाम रौशन कर रहा है। पदक विजेता खिलाड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि वह आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में कक्षा 9वीं का छात्र है, उसके पिता कृष्ण लाल सरकारी कर्मचारी हैं और माता शीतल गृहणी है एवं बडी बहिन दिविशा स्नातक की पढाई कर रही है। स्वर्ण और रजत पदक विजेता खिलाड़ी युवराज को बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सत्यवान मलिक और पी टी आई जगदीश चहल ने फोन पर पदक जीतने की बधाई देते हुए राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में अच्छा खेल प्रदर्शन करने का आशीर्वाद प्रदान किया।

श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा गणेश महोत्सव का आयोजन

समाचार गेट ब्यूरो, फरीदाबाद

श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा श्री महावीर मंदिर महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद में गणेश महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। ट्रस्ट के सेवादार टेकचन्द नन्द्राजोग(टोनी पहलवान), अनिल गुप्ता सचिव,चरण सिंह सैनी प्रधान आरडब्लूए महावीर नगर, योगेश चावला सचिव, सुनील शर्मा कोषाध्यक्ष, अनिल वर्मा, धीरज वाधवा, टीटू मटके वाला, पंडित शिवराम शर्मा, अनिल गुप्ता, सतपाल चौधरी, धर्मबीर चौधरी, केडी शर्मा, पिन्टू सैनी, राजेश तनेजा व समस्त गुरूद्वारा महावीर नगर महिला मंडल द्वारा पूरे विधि विधान से गणपति भगवान की स्थापना की। इससे पहले मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ और फिर धूमधाम से भगवान श्री गणेश को विराजमान किया गया। इस मौके पर टेकचंद नंद्राजोग ने कहा कि भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि देवों में प्रथम पूजे जाने वाले गणपति अपने रूप से भी हमें संदेश देते हैं। वह बताते हैं कि व्यक्ति को अपनी इच्छाएं यानि साधन कम ही रखने चाहिए। वह बताते हैं बुद्धि हमेशा ही बल पर भारी पड़ती है लेकिन व्यक्ति को बलवान भी होना चाहिए। उन्होंने भक्तों से कहा कि गणपति को पूजे जाने से भगवान शंकर सहज ही प्रसन्न होते है। पूजा अर्चना के बाद मंदिर में प्रसाद का वितरण किया गया।

एनसीबी हरियाणा अभियान के तहत साइकिल पर जाकर दे रहे नशा मुक्ति का सन्देश

समाचार गेट ब्यूरो, फरीदाबाद।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों और पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध प्रचार कर युवाओं को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। उच्चाधिकारियों के आदेश से ब्यूरो में पुलिस उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा को नशे के विरुद्ध अभियान के लिए जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी नियुक्त किया गया है। वे ब्यूरो में वर्ष 2020 से नियुक्त होकर इस अभियान में लगे हुए हैं। नशा छोडो जीवन से नाता जोड़ो। यदि नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा जैसे नारों के साथ वे साइकिल पर निकलकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। बिना किसी सरकारी वाहन और बिना किसी सहयोगी कर्मचारी के वे नशे के विरुद्ध एक अलग ढंग से प्रचार प्रसार करने की ठान कर गाँव गाँव शहर शहर साइकिल पर जाकर लोगों को नशे से दूर रहने के सन्देश दे रहे हैं। ब्यूरो द्वारा हरियाणा में 2380 नशे के विरुद्ध

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 16 लाख 4 हजार 497 से अधिक लोगों को जागरूक किया जा चुका है। आज ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा सदा की भाँति साइकिल पर नशे के विरुद्ध नारे लिखी पट्टी लगाकर निकल पड़े। उनके साइकिल पर लिखा है- नशा मुक्त हरियाणा जहां दूध दही का खाना। छोडो अब शमार्ना अच्छा स्वास्थ्य चाहिए तो साइकिल से करो आना जाना। वे फरीदाबाद से बल्लभगढ़ होते हुए पाली तक पहुंचे और लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। बल्लबगढ़ बस अड्डे पर अलग से नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया जिसमें युवाओं को इस अभियान से जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो एक और नशे की आपूर्ति की श्रृंखला/चेन को तोड़कर नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लिए तत्पर है वहीं दूसरी और नशे की मांग को समाप्त करने के लिए प्रयासरत है। जब तक मांग को समाप्त नहीं किया जाएगा तब तक आपूर्ति को सर्वथा समाप्त करना कठिन है। इसीलिए युवाओं और भावी पीढ़ी को विशेष रूप से जागरूकता के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे जानकारी देकर उनमें नशे से दूर रहने की भावना का सृजन करना ब्यूरो का लक्ष्य है।

गैस्ट अध्यापिका राजरानी की पुण्यतिथि पर यज्ञ कर श्रद्धांजलि दी

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। जिले के गैस्ट टीचर्स ने ऊंचा गांव के राजकीय विद्यालय में एकत्रित होकर दिवंगत गैस्ट अध्यापिका की पुण्यतिथि पर यज्ञ कर श्रद्धांजलि दी। विदित हो कि 7 सितम्बर, 2008 रोहतक में गैस्ट टीचर्स के प्रदर्शन के दौरान जीन्द निवासी गैस्ट अध्यापिका राजरानी प्रशासन के द्वारा चली गोली का शिकार हो गई। उनकी 17वीं पुण्यतिथि पर जिलेभर के सैंकड़ों अध्यापकों ने सामूहिक रूप से यज्ञ का आयोजन किया और उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। यज्ञ में यजमान के रूप जिला संयोजक ईनामी सिंह तेवतिया, प्रिंसिपल जयप्रकाश डांगी, हरियाणा विद्यालय संघ के जिला अध्यक्ष भीम सिंह, प्रवक्ता नरेन्द्र कुमार व कवि देवेन्द्र गौड़ ने विशेष रूप से उपस्थित होकर यज्ञ में आहुति डाली। यज्ञकर्ता पं. रविमोहन शास्त्री ने राजरानी की स्मृति में दो मिनट का मौन करवा याद किया। हरियाणा अतिथि अध्यापक संघ के जिला प्रधान रघु वत्स ने बताया कि गैस्ट टीचर्स पिछले 19 वर्षों से लगातार अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। निवर्तमान भाजपा सरकार ने गैस्ट अध्यापकों के साथ लगातार धोखा किया है। निवर्तमान भाजपा सरकार ने अपने दो कार्यकाल पूर्ण कर अपने घोषणा-पत्र के द्वारा नियमित करने के वादे को अधूरा छोड़कर समय से पहले चुनाव में चली गई है, जोकि अध्यापक वर्ग के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना होगा। श्रद्धांजलि सभा के दौरान गैस्ट अध्यापकों में सरकार के प्रति आक्रोश देखा गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान सुन्दर भड़ाना, मनोज शास्त्री, विनोद भाटी, केशव कुमार, विनोद कुमार, ओमपाल शास्त्री, राजेश शर्मा, विजय कुमार गोयल व अन्य उपस्थित रहे।

कैंप में बीमारियों से बचने के टिप्स

समाचार गेट ब्यूरो, फरीदाबाद

महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा आयोजीत सार्वजानिक श्री गणेश उत्सव गाँधी कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में बड़ी धूम धाम से मनाया जा रह है। मंडल द्वारा 08 सितम्बर को हेल्थ चेकअप के आयोजन सर्वोदय हॉस्पिटल सेक्टर 8 के सहयोग से किया गया। मंडल के प्रवीन राठोड ने सभी को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने का सन्देश देते हुए कहा की, सभी को सुबह योग जरुर करना चाहिए जिससे शरीर तंदुरुस्त रहता है, बाहर का चाईनिज खाना कम से कम या तो खाना ही नहीं चाहिए जो की शरीर पर दुश प्रभाव डालता है. हेल्थ चेकअप कैंप में कुल 50 लोगों ने अपनी जांच करवाई। किसी ने अपनी आंख किसी ने अपनी बी.पी. और किसी ने अपनी शुगर की जाँच अलग अलग डॉक्टर से कैंप में ही करवाई। कैंप के अंत में मंडल ने सर्वोदय हॉस्पिटल से आई पुरी टीम का सम्मान फेटा एवं फोटो फ्रेम भेंट कर किया। कार्यक्रम में मंडल के माधव रामचन्द्र वैद्य, राजेन्द्र पांचाल, चिंतामणि वैद्य, प्रवीन राठौड़, विनय पांचाल, शेखर पाल, अक्षय, रोहित, भावना पांचाल, सुरेखा भारद्वाज, कर्ण शर्मा एवं मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

मात्र दो साल में ही जर्जर होने के कगार पर पहुंचा सेक्टर-25 का पुल

समाचार गेट/कविता

औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-24 और 25 को जोड़ने वाला गुरूग्राम नहर पर नवनिर्मित करोड़ों रुपये का पुल मात्र करीब दो साल की अवधि में ही जर्जर होने लगा है। इस पुल के ऊपर से गुजरने वाले वाहन चालक और राहगीर इस पुल के निर्माण में भी घोटाला होने की संभावना जता रहे है। क्योंकि इससे पहले इस गुरूग्राम नहर पर बना पुल करीब 40 से 50 साल बाद सिंचाई विभाग की लापरवाही से टूटा था। यदि सिंचाई विभाग समय रहते जर्जर पुल को कंडम घोषित कर खुद ही तोड़ देता तो यह हादसा नहीं होता। हालांकि उस हादसें में कोई हताहत नहीं हुआ था, लेकिन उस हादसें से सबक लेने की बजाय हाल ही में करोड़ों की लागत से बनाए गए, इस पुल के निर्माण में भी सिंचाई विभाग की लापरवाही साफ झलक रही है। लगता है सिंचाई विभाग को दौबारा किसी हादसें का इंतजार है। गौरतलब है कि गुरुग्राम नहर पर सेक्टर-25 और सेक्टर-55 के बीच में एक 50 वर्ष पुराना दो लेन पुल बना हुआ था। पुल पुराना होने के कारण 9 मार्च 2018 को लोहे का भारी वजन लेकर जाने वाले ट्रॉला, महेंद्रा पिकअप और अन्य वाहनों की वजह से टूट गया, जिसकी

वजह से यहां पर रहने वाले लोगों का संपर्क आसपास के अन्य क्षेत्रों से पूरी तरह से टूट गया। ऐसे में यदि किसी व्यक्ति को पार जाना होता, तो उसे सेक्टर-56 के पुल से होकर आना-जाना पड़ता था। पुल न होने से जहां आम आदमी परेशान थे। सबसे अधिक परेशानी सेक्टर-25 और 24 में चल रहे उद्योगों को होती थी। जिसके कारण उनका लाखों का नुकसान हो रहा था। लोगों को ही रही समस्याओं के जल्द समाधान के लिए सिचाई विभाग ने छह लेन पुल बनाने की योजना तैयार की, जिसे सरकार ने मंजूर कर दी और करीब दो या ढ़ाई वर्ष पहले ही यह पुल बनकर तैयार हुआ। लेकिन इस पुल की हालत दो से ढ़ाई वर्ष में ही दयनीय हो गई। लोगों का कहना है कि इस पुल के निर्माण में भी घोटाला किया है। ऐसे में यदि सिचाई विभाग ने इस पुल को ठीक नहीं करवाया, तो आने वाले समय में यह पुल गिर भी सकता है और कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

हालत हुई खस्ताः समाजसेवा गुरमीत सिंह देओल ने बताया कि गुरूग्राम कैनाल सेक्टर 55 और 25 को जोड़ने वाले इस पुल के निर्माण को कुछ ही समय ही बीता है। पुल की हालत अभी से बहुत खस्ता है। पहले बनाते समय भी कई बार इस बारे में मौके के उपमंडल अभियंता के संज्ञान में लाया गया था लेकिन लापरवाही या जानबूझकर ध्यान न देने के कारण यह हालत पुल की हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अरविंद शर्मा के एसडीओ रहते हुए यह पुल बनाया गया था। इतना घटिया पुल बनाने के बावजूद भी बीएस रावत जो उस समय कार्यकारी अभियंता नहर एवं सिंचाई विभाग का कार्यभार देख रहे थे, उन्हें और अधिक करोड़ों के नये ठेके छोड़ने की परमिशन दे दी गई। इन पुलो की देखभाल का कार्य इनके स्थान पर अब कार्यकारी अभियंता मोहित वशिष्ठ के अधीन है।

बच्चों ने फुटबॉल में फरीदाबाद का नाम चमकाया

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। जिला फुटबॉल संघ फरीदाबाद के प्रधान आनंद मेहता ने बताया कि पहली बार सब जूनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में फरीदाबाद के चार बच्चों राजवीर,आदित्य, चिराग और विहान का सिलेक्शन हुआ है और आज चारों बच्चे हरियाणा की टीम के चार मजबूत स्तंभ बनकर आसाम जाकर अपने खेल से सामने वाली टीमों को अपना लोहा मनवाने के लिए रवाना हुए हैं। वहीं जिला फुटबॉल संघ के महासचिव रविंदर भाटिया ने बच्चों को अपने घर पर बुलाकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सफलता का आशीर्वाद दिया । इस मौके पर महेंद्र भाटिया, संजय खनेजा और गोसाई भी वहाँ उपस्थित रहे और उन्होंने भी बच्चों को विजयी भवः की मंगलकामनाएं दी।

बेसहारा बुजुर्ग महिला को सहारा दिया

समाचार गेट ब्यूरो, फरीदाबाद।

वृद्धों की सेवा करने वालो संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2 डी-ब्लॉक ने एक वृद्ध महिला को सहारा देकर पुण्य का काम तो किया ही है साथ ही साथ एक अनमोल जिन्दगी को भी बचाया है। दरअसल समिति के संचालक कृष्ण लाल बजाज को सत्यपाल चौहान ने फोन पर सूचना दी कि एक वृद्ध महिला जिसका नाम देवकी उम्र लगभग 70 वर्ष है बेहोशी की हालत में बीके अस्पताल के गेट के पास बैठी है। कृष्ण लाल बजाज बिना समय गंवाए अपने साथियों के साथ मौके पर पहुचें और तुरंत उसे उठाकर वृद्धाश्रम में लेकर आए और हालत अधिक खराब होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। कृष्ण लाल बजाज ने बताया कि इस वृद्ध महिला की देखभाल करने वाला कोई नहीं है इसलिए जो भी हमसे बन पड़ेगा इस वृद्धा के लिए हम करेंगें। कृष्ण लाल बजाज ने बताया कि इसकी लिखित सूचना 3 नंबर पुलिस चौकी मे दे दी जाएगी।

युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो, फरीदाबाद

थाना पल्ला की टीम ने दुष्कर्म के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम हिमांशु कुमार (27) है जो फरीदाबाद के इस्माइलपुर गांव में रह रहा था। आरोपी ने 3 सितंबर को 22 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में 6 सितंबर को लड़की की शिकायत के आधार पर थाने में दुष्कर्म की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी किसी काम से लड़की के घर गया था जहां लड़की घर पर अकेली थी तो मौका देखकर आरोपी ने लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित लड़की ने यह बात अपने परिजनों को बताई। इसके बाद 7 सितंबर को आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दी गई। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

पंडित शिवचरण लाल शर्मा की पुण्यतिथि में उमड़ा जनसैलाब

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। स्वः पंडित शिवचरण लाल शर्मा की पुण्यतिथि पर रविवार को जवाहर कालोनी उनके निवास पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। अपने पुराने साथी पंडित शिवचरण लाल शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा पूरी तरह से भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि पंडित जी ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा में लगा दिया। वह अपने पीछे सेवा भाव छोड़ कर गए। उनके बेटे विधायक नीरज शर्मा अब उसी परीपाटी को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे पांच साल में भाजपा सरकार ने केवल विपक्ष को परेशान करने का काम ही किया है। इस मौके पर विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि कांग्रेस की सरकार आने पर 500 रुपये सिलेंडर और छह हजार रुपए पेंशन मिलेगी। उन्होंने कहा कि एनआइटी की जनता को बस आठ अक्टूबर का इंतजार है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में मेट्रो लाने का काम भी पूर्व मुख्यमंत्री ने किया था। अब फरीदाबाद से गुरुग्राम मेट्रो भी कांग्रेस सरकार के राज में ही शुरू होगी। दो लाख पक्की नौकरी देने का वादाः नीरज शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने रोजगार देने के नाम पर

केवल बरगलाने का काम किया है। कांग्रेस सरकार में दो लाख पक्की नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा 25 लाख रुपये तक के इलाज का स्वास्थ्य कार्ड बनाया जाएगा। जिससे हर व्यक्ति मुफ्त में अपना इलाज करा सकेगा। उन्होंने इस मौके पर अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि गौछी ड्रेन में हम नहाया करते थे। लेकिन इस सरकार के भ्रष्टाचार ने ड्रेन को भी नहीं छोड़ा। दोबारा से ड्रेन के पानी को पूरी तरह से स्वच्छ बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनआइटी की सीवरेज लाइन 25 साल पुरानी हो गई है। इसको नए सिरे से डालने का काम किया जाएगा। सीनियर डिप्टी मेयर ने मांगे तीन ईमानदार अधिकारीः इस मौके पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर मुकेश शर्मा ने भूपेंद्र हुड्डा से सरकार आने पर तीन ईमानदार अधिकारी मांगे। जिमसें उपायुक्त, निगम आयुक्त और पुलिस आयुक्त शामिल रहे। उन्होंने कहा कि यह तीनों अधिकारी जिले को ईमानदार मिल गए तो 20 साल तक कांग्रेस हरियाणा पर राज करेगी। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री ने आरती संग्रह किताब का विमोचन किया। ये रहे मौजूदः पूर्व विधायक रघुवीर तेवतिया, पूर्व विधायक शारदा राठौर, प्रदीप राणा, नितिन सिंगला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, जगन डागर, पूर्व पार्षद दया शंकर गिरी, वेदपाल सरपंच, मुकेश डागर, राममेहर प्रधान, रामसिंह यादव, महेन्द्र सरपंच निर्वतमान पार्षद, सरदार कुलवंत सिंह प्रधान गुरुद्वारा सिंह सभा, फारुख ठेकेदार, मुस्लिम, रमेश भारद्वाज, वीरेंद्र डागर, हरबीर मवाई, देशराज शर्मा, पंकज शर्मा,त्रिलोक मास्टर, सारन नेपाल सिंह, सुरेश नैन, नन्नदराम पाहिल, गौरव जुनेजा, राकेश गोयल, सुन्दर लाल चुग, राकेश कुमार प्रधान काली माता मंदिर, इरशद सरपंच, गिर्राज मुदगिल, नवीन कौशिक, प्रकाश पंडित, पंकज बालियान, आरसी शर्मा, जेसी कौशिक, प्रभु झा, मधुसूदन झा एवं अन्य गणमान्य साथी उपस्थित रहे।

संपादकीय

अच्छा इंसान बनना सिखाता है 'शिक्षक'

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

आज शिक्षक दिवस है और हममें से कोई भी ऐसा नहीं, जिसके जीवन में इस शब्द का महत्व न हो। हम आज जो कुछ भी है या हमने जो कुछ भी सिखा या जाना है उसके पीछे किसी न किसी का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहयोग व उसे सिखाने की भूमिका रही है। इसलिए आज का दिन प्रत्येक उस व्यक्तित्व के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का व उन सीखे हुए मूल्यों के आधार पर खुशहाल समाज निर्माण में अपनी भूमिका तय करने का दिन भी है। शिक्षक यानि गुरु शब्द का तो अर्थ ही अंधकार (अज्ञान) से प्रकाश (ज्ञान) की ओर ले जाने वाला है। भारत में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का श्री गणेश भी हो चुका है। पूरी शिक्षा नीति को देखने पर ध्यान आता है कि उसके क्रियान्वयन व सफल तरीके से उसे मूर्त रुप देने का अगर सीधा-सीधा किसी का नैतिक दायित्व बनता है तो वह शिक्षक का ही है। वर्तमान के आधार को मजबूत करते हुए, भविष्य के आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को चरितार्थ करने व भारत को आगे बढ़ाने के सपनों को अपनी आँखों में भर कर निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा व भाव जागरण का आधार भी शिक्षक है।

शिक्षक जो जीवन के व्यावहारिक विषयों को बोल कर नहीं बल्कि स्वयं के उदाहरण से वैसा करके सिखाता है। शिक्षक जो बनना नहीं गढ़ना सिखाता है। शिक्षक जो केवल शिक्षा नहीं बल्कि विद्या सिखाता है। शिक्षक केवल सफल होना नहीं, असफलता से भी रास्ता निकाल लेना सिखाता है। शिक्षक जो तर्क व कुतर्क के अंतर को समझाता है। शिक्षक जो केवल चलना नहीं, गिरकर उठना भी सिखाता है। शिक्षक जो भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होना सिखाता है। शिक्षक जिसे समाज संस्कार, नम्रता, सहानुभूति व सहानुभूति की चलती फिरती पाठशाला मानता है। कहा जाता है कि एक शिक्षक का दिमाग देश में सबसे बेहतर होता है। एक बार सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कुछ छात्रों और दोस्तों ने उनका जन्मदिवस मनाने की इच्छा जाहिर कि, इसके जवाब में डॉक्टर राधाकृष्णन ने कहा कि मेरा जन्मदिन अलग से मनाने की बजाय इसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो मुझे बहुत गर्व होगा। इसके बाद से ही पूरे भारत में 5 सितंबर का दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन इस महान शिक्षाविद को हम सब याद करते हैं। डॉ. राधाकृष्णन ने 12 साल की उम्र में ही बाइबिल और स्वामी विवेकानंद के दर्शन का अध्ययन कर लिया था। उन्होंने दर्शन शास्त्र से एम.ए. किया और 1916 में मद्रास रेजीडेंसी कॉलेज में सहायक अध्यापक के तौर पर उनकी नियुक्ति हुई। उन्होंने 40 वर्षों तक शिक्षक के रूप में काम किया। वह 1931 से 1936 तक आंध्र विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। इसके बाद 1936 से 1952 तक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्राध्यापक के पद पर रहे और 1939 से 1948 तक वह काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर आसीन रहे। उन्होंने भारतीय संस्कृति का गहन अध्ययन किया। साल 1952 में उन्हें भारत का प्रथम उपराष्ट्रपति बनाया गया और भारत के द्वितीय राष्ट्रपति बनने से पहले 1953 से 1962 तक वह दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। इसी बीच 1954 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया। डॉ. राधाकृष्णन को ब्रिटिश शासनकाल में सर की उपाधि भी दी गई थी। इसके अलावा 1961 में इन्हें जर्मनी के पुस्तक प्रकाशन द्वारा हाविश्व शांति पुरस्कारह्न से भी सम्मानित किया गया था। अतः हम कह सकते है कि वे जीवन भर अपने आप को शिक्षक मानते रहे और उन्होंने अपना जन्मदिन भी इसी परिपाटी का पालन करने वाले शिक्षकों के लिए समर्पित कर दिया।

डॉ. राधाकृष्णन अक्सर कहा करते थे, शिक्षा का मतलब सिर्फ जानकारी देना ही नहीं है। जानकारी का अपना महत्व है लेकिन बौद्धिक झुकाव और लोकतांत्रिक भावना का भी महत्व है, क्योंकि इन भावनाओं के साथ छात्र उत्तरदायी नागरिक बनते हैं। वे मानते थे कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा, तब तक शिक्षा को मिशन का रूप नहीं मिल पाएगा। आज शिक्षा को मिशन बनाना होगा। शिक्षा की पहुँच इस देश के अंतिम घर के अंतिम व्यक्ति तक होनी चाहिए। इसके लिए केवल शिक्षकों को ही नहीं समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। प्रत्येक वो व्यक्ति जो अपने आपको शिक्षा देने में सक्षम समझता है उसे आगे आना होगा। अपने यहाँ अधिक से अधिक मोहल्ले एवं ग्रामीण शिक्षा केंद्र संचालित करने की चुनौती को उसे स्वीकार करना होगा। ताकि समाज का कोई भी वर्ग या स्थान शिक्षा से वंचित न रहे। उसे प्रतिदिन या सप्ताह में कुछ समय शिक्षा जैसे पुनीत कार्य के लिए लगाना होगा। इस कार्य के लिए उसे अपने जैसे बहुत से लोगों को खड़ा करना होगा व इस अभियान में सहयोगी बनने के लिए उनका भाव जागृत करना होगा।

शिक्षक के नाते अब हमें शिक्षा को क्लास रूम से बाहर ले जाने की पहल करनी होगी यानि उसकी व्यावहारिकता पर ज्यादा ध्यान देना होगा। विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास को अपनी प्राथमिकता में लाना होगा। ताकि विद्यार्थी का कौशल उसके जीवन का हिस्सा बन सके और आगे उसे रोजगार से जोड़ा जा सके। शिक्षा को फॉर्मल एजुकेशन के साथ झ साथ अनौपचारिक यानी इन-फॉर्मल एजुकेशन बनाने की ओर भी अब हमें अपने प्रयासों को अधिक गति से बढ़ाने की आवश्यकता है। कोविड ने हमें आज इस विषय की ओर देखने की दृष्टि भी दी है ताकि भविष्य में किसी विकट परिस्थिति व आर्थिक संकट के समय स्व-रोजगार के आधार पर हम आत्मनिर्भरता की भावना के साथ उस परिस्थिति का सामना कर सके kसच्ची अभिव्यक्ति व प्रेरक शक्ति का दिनः- तो आईये, आज शिक्षक दिवस के दिन इन सभी बातों का पुनः स्मरण कर, अपने हौंसलों की उड़ान को ओर बढ़ाते है। शिक्षक के दायित्वबोध को और अधिक संकल्प के साथ निभाते है। डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जीवन के विभिन्न प्रेरक पहलुओं से सीख ले,प्रत्येक व्यक्ति तक शिक्षा को ले जाने के अपने प्रयास को गति देते है। मैं से प्रारंभ कर इस शिक्षा रुपी अलख को लाखों झ लाखों का सपना बनाते हैं। वास्तव में शिक्षक होने के नाते आज शिक्षक दिवस के दिन डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली के प्रति व अपने आदर्श प्रेरणादायी शिक्षकों के प्रति यही हमारी सच्ची अभिव्यक्ति व प्रेरक शक्ति होगी।

'पुलिस की पाठशाला' कार्यक्रम किया जागरूक

समाचार गेट ब्यूरो, फरीदाबाद

सीपी ओमप्रकाश नरवाल के दिशा निर्देश के अंतर्गत सामुदायिक पुलिसिंग और थाना सेक्टर 31 की टीम ने हैवेल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसीपी एनआईटी, मोनिका मुख्य अतिथि रहीं। मुख्य अतिथि मोनिका ने अपने संबोधन में सभी महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस की इस पाठशाला में दी गई जानकारी को अपने जीवन में लागू करें और अपने आस-पड़ोस व बच्चों को भी यह जानकारी अवश्य दें। उन्होंने साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए सभी से आग्रह किया कि वे सतर्क और सावधान रहें और एक जागरूक नागरिक का कर्तव्य निभाएं। कार्यक्रम के दौरान, श्रमिकों को 'गुड समैरिटन' रूल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और नशे के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए, नशा बेचने वालों की सूचना हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हेल्पलाइन 9050891508 पर देने का आवाहन किया गया। अंत में, सभी को एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने के लिए शपथ ग्रहण कराई गई। इस शपथ के माध्यम से उन्हें समाज को सुरक्षित और अपराध मुक्त बनाने में सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

प्रवासी व पूर्वांचल समाज का प्रदेश की राजनीति में अहम योगदान : राजेश भाटिया

-विधानसभा चुनावों को लेकर प्रवासी परिषद के आह्वान पर हुई बैठक

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। प्रवासी परिषद की एक बैठक तिकोना पार्क स्थित व्यापार मंडल में सम्पन्न हुई। बैठक में फरीदाबाद व पलवल की नौ विधानसभा क्षेत्रों से प्रवासी व पूर्वांचल समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में व्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया ने शिरकत की। सर्वप्रथम प्रवासी परिषद के संस्थापक राहुल झा ने मुख्यातिथि राजेश भाटिया का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर राजेश भाटिया ने कहा कि प्रवासी एवं पूर्वांचल समाज का प्रदेश की राजनीति में अह्म योगदान है, यह मेहनतकश समाज हरियाणा में आकर अपनी एक अलग पहचान बना चुका है, खासकर फरीदाबाद में इस समाज का सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़चढकर योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव है, इसलिए प्रवासी व पूर्वांचल समाज को अच्छे उम्मीदवारों को समर्थन देकर राजनीति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर प्रवासी परिषद के संस्थापक राहुल झा ने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह विधानसभा चुनावों में बढ़चढ़कर अपने मत का प्रयोग करे और ऐसे उम्मीदवार को अपना मत दे और न केवल उनके क्षेत्र का विकास करे बल्कि समाज को भी एकजुट करके उसके उत्थान के लिए कार्य करे। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दिया गया एक-एक मत आपको भविष्य में सशक्त और मजबूत बनाने का काम करेंगा। इस अवसर पर प्रवासी व पूर्वांचल समाज के लोगों ने अपने मत का सही प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेश भाटिया ने कहा कि यह चुनाव जनता के मुद्दों का चुनाव है इसलिए लोग किसी झूठे प्रलोभन व लालच में न आए बल्कि ईमानदार, शिक्षित और ऐसे उम्मीदवार को वोट दे जो उनका पांच सालों तक विकास करे और उनके दुख-सुख में भागीदारी निभाए वहीं समाजसेवी अनुपमा बख्शी ने भी महिलाओं से अपील की कि वह भी लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभाएं और स्वच्छ छवि के उम्मीदवारों को जिताकर विधानसभा में भेजे जो उनके क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं का समाधान करवा सके। इस मौके पर रवींद्र झा, दिलीप, संतोष पटेल, प्रमोद ,संजीत, गौतम, संजीत, शुद्धांशु, बंटी, शिवम, वीरेंद्र मिश्रा, मोनु, करण, शंकर, प्रेम, राम बदन, राम भजन, अमित टंडन, देवेंद्र बख्शी, सुभाष, रकिश, सुजीत व प्रवासी समाज के अन्य साथी उपस्थित रहे।

भारतीय मजदूर संघ की हरियाणा बाल विकास एंड आंगनवाड़ी वूमेन वर्कर यूनियन का गठन

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। हरियाणा बाल विकास एंड आंगनवाड़ी वूमेन वर्कर यूनियन संबंधित भारतीय मजदूर संघ की फरीदाबाद ज़िला का अधिवेशन सम्पन्न हुआ। जिसमें जिले की टीम बनाई गई। आंगनवाड़ी की प्रदेश प्रधान बहन छोटा गहलावत की अध्यक्षता में जिला बॉडी निर्माण का कार्य संगठन की रीति नीति के अनुसार बहुत ही अनुशासन और पूर्ण गरिमा के साथ शांतिमय वातावरण में कुशलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। आज के इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन वक्तव्य में अशोक कुमार ने संगठन की राष्ट्रवादी विचारधारा, अनुशासन, कार्यकर्ता से अपेक्षा संगठन के सात पर्व यथा महिला दिवस, भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस, पर्यावरण दिवस, विश्वकर्मा दिवस (मजदूर दिवस) आदि एवं संगठन की उपलब्धियों बारे विस्तार से बताया। बहन छोटा गहलावत ने भी बहनों की सभी जिज्ञासा और भ्रम को दूर करने बारे और अपने कार्य के साथ-साथ अपने अधिकारों के प्रति सजग और संगठित रहने का आह्वान किया। सभी के साथ किसी भी प्रकार के अन्याय में आगे रहकर संघर्ष करने का आश्वासन दिया। उसके पश्चात सर्वसम्मति से बहन वकीला को ज़िला प्रधान, विमला जिला सचिव, कैशियर जोगेंद्री, सहसचिव वीरमति, उपाध्यक्ष कमलेश, प्रेस सचिव कैलाश व उनके साथ प्रेस सह सचिव पिंकी और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनीषा, रीना, शकुन्तला, पुष्पा और सुनीता को शामिल किया गया। इस अवसर पर राजकुमार जिला मंत्री, जिला अध्यक्ष नीरज मावई, जिला कार्यकारिणी सदस्य नीरज त्यागी फरीदाबाद एवं जिला मंत्री भामस पलवल गुलाब सिंह राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। काफी संख्या में बहनें उपस्थित रहीं। पूर्व जिला प्रधान कृष्ण दहिया ने भी अपने संबोधन में उपस्थित बहनों का भ्रम दूर कर जोश भरने का सफलतापूर्वक प्रयास किया। कार्यवाही से पूर्व भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद ने प्रदेश उपाध्यक्ष बहन छोटा गहलावत झज्जर, कृष्णा दहिया रोहतक का विशेष रूप से अभिवादन किया।अन्य उपस्थित बहनों का संगठन में भरोसा जताने और आज की कार्यवाही को शांतिपूर्वक सम्पन्न करने पर सभी का आभार प्रकट किया गया।

एकल और सामूहिक नृत्य में सराय ख्वाजा स्कूल प्रथम

समाचार गेट ब्यूरो, फरीदाबाद

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की वरिष्ठ टीम ने जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट प्रतियोगिताओं में एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कनिष्ठ वर्ग में भी एकल नृत्य में प्रथम, रागिनी में द्वितीय, वोकल सोलो म्युजिक में तथा सामूहिक नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग में विद्यार्थियों ने विद्यालय की बायोलॉजी प्राध्यापिका मुक्ता, अध्यापिका सुदेश, ज्योति, ज्योग्राफी प्राध्यापक रविंद्र आर्य एवं सभी अध्यापकों के सहयोग से जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट जिसका आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरीदपुर में किया गया था जिला फरीदाबाद में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं और अध्यापकों का अभिनंदन करते हुए स्वागत करते हुए सभी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी के टीम वर्क और परिश्रम के बिना यह उपलब्धि प्राप्त करना सरल नहीं होता। उन्होंने और समस्त विद्यालय परिवार ने अध्यापकों और कल्चरल फेस्ट में प्रतिभागिता कर रहे सभी छात्र छात्राओं का विशेष स्वागत किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि सीनियर टीम ने सामूहिक नृत्य में प्रथम, एकल नृत्य दोनों वर्गों में प्रथम, रागनी और ग्रुप डांस में जूनियर कैटेगरी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अब विद्यालय के सभी बच्चों और अध्यापकों को एवं विजेता विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए और भी परिश्रम करने के लिए तैयार रहना होगा। विद्यालय प्राचार्य मनचन्दा, मुक्ता, ज्योति, सुदेश, रविंद्र आर्य सहित सभी अध्यापकों ने टीम के सभी सदस्यों को सम्मानित किया। प्राचार्य मनचंदा ने सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए राज्य स्तरीय कल्चरल फेस्ट की अच्छी प्रकार से तैयारी एवं निरंतर अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

भाजपा ने 10 साल शहर की करी दुर्दशा : विजय प्रताप

-सेक्टर 45, 46 एवं 21 के लोगों को अपनी जेब से पैसे देकर बनवानी पड़ रही है सड़क

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी के राज में लोगों की इतनी बुरी दुर्दशा हुई है, जो आज तक कभी देखने को नहीं मिली। बड़खल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता विजय प्रताप मेवला महाराजपुर से जैसे ही सेक्टर 46 की तरफ मुड़े तो पाया कि लोग स्वयं अपने पैसे से सड़क बनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को डूबकर मर जाना चाहिए,जब लोग सारे टैक्स दे रहे हैं, उसके बावजूद उनको अपने पैसे से सड़कें बनानी पड़ रही है। उन्होंने कहा भाजपा ने बड़े बड़े झूठ लोगों को बोले, लेकिन धरातल पर सब टांय टांय फुस्स निकला। सेक्टर 45, 46 एवं सेक्टर 21 के लोगों को मिलकर सड़क बनानी पड़ रही है। अच्छे दिनों के वादे करके भाजपा ने लोगों को बुरे दिन दिखाए हैं। कांग्रेस के शासन काल में ऐसा तो कम से कम नहीं था। विजय प्रताप ने कहा कि सेक्टर 45, 46 एवं 21 के लोगों ने क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, जिला प्रशासन और यहां तक कि मुख्यमंत्री तक कई बार गुहार लगाई, लेकिन किसी प्लेटफार्म पर कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। हारकर लोगों को स्वयं अपने पैसे से सड़क बनानी पड़ रही है। विजय प्रताप ने कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा के 10 साल बेमिसाल देखे हैं। आज लोग अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं। निश्चित रूप से प्रदेश की भाजपा सरकार को लोग उखाड़कर फेंकने को बेताब है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने स्पष्ट रूप से लोगों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस सरकार बनने पर लोगों को अपनी जेब से पैसा नही लगाना पड़ेगा। पहली बात तो ये काम सरकार का है, प्रशासन का है, फिर भी अगर किसी की जेब से पैसा लगेगा तो वो मेरी जेब से लगेगा। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द लोगों को भाजपा के जुल्म से राहत मिलने वाली है और कम से कम मूलभूत सुविधाओं के लिए तो आपको नही तरसना पड़ेगा।

महाराष्ट्र मित्र द्वारा आयोजित भजन संध्या में झूमे भक्त

समाचार गेट ब्यूरो, फरीदाबाद

महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा आयोजित सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव गांधी कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में मनाया जा रहा है। मंडल द्वारा शनिवार को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या महेंद्र मखीजा एंड टीम द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश जी की वंदना द्वारा की गई जोकि महेंद्र मखीजा द्वारा प्रस्तुत की गई। फिर भारत भूषण ने जय हो तुम्हारे लाल गोरी प्रस्तुत किया। फिर कपिल नागर ने राधे राधे श्याम मिलादे भजन प्रस्तुत किया एवं भक्तजनों से खूब वाहवाही बटोरी। फिर महेंदर मखीजा जी द्वारा गणपति राखो मेरी लाज भजन प्रस्तुत किया एवं अंत में महेंदर मखीजा ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है और हे माँ मुझको ऐसा घर दो सुंदर भजन की प्रस्तुति कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम के अंत में मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र पांचाल, चिंतामणि वेद्य एवं यशवंत पांचाल द्वारा सभी कलाकारों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने किया जनसंपर्क अभियान का आगाज

समाचार गेट/संजय शर्मा

बल्लभगढ़। जिले के समस्त सैनी समाज ने सेक्टर 2 बल्लभगढ़ भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा के कार्यालय पहुंचकर उन्हें अपना समर्थन दिया और फरीदाबाद से सभी भाजपा प्रत्याशियों को विजई बनाने के लिए संकल्प लिया, इस मौके पर पलवल, फरीदाबाद और बल्लभगढ़ सहित समस्त सैनी समाज के प्रधान और पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा प्रत्यासी मूलचंद शर्मा ने सैनी समाज का धन्यवाद किया और कहा कि प्रदेश में तीसरी बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है, उन्होंने सभी से वोट की अपील भी की और उनके द्वारा दिए गए समर्थन का आभार प्रकट किया। इस मौके पर खेमचंद सैनी प्रधान फतेहपुर बिल्लौच, पवन सैनी, सुनील सैनी सहित सैनी समाज के सरदार मौजूद रहे। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने अपने जनसंपर्क कार्यक्रमों की शुरूआत शहर के कल्पना कल्पना चावला सिटी पार्क से की। ाजपा प्रत्यासी मूलचंद शर्मा बल्लभगढ़ के कल्पना चावला सिटी पार्क पहुंचे और पार्क में सुबह आने वाले सभी शहर वासियों से आशीर्वाद लिया।

भाजपा प्रत्यासी मूलचंद शर्मा ने कहा पुरानी सरकार के साथी अपने हाथ का लगाया हुआ पेड़ बताएं और शिक्षा के क्षेत्र में कांग्रेस के साथी अपने हाथ से लगाई गई कोई ईंट बताएं उनके राज में सिर्फ लूट खसोट हुआ करती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 2014 के बाद बल्लभगढ़ क्षेत्र में आजादी के बाद पहली बार सरकारी महिला कॉलेज बल्लभगढ़ में दिया उसके अलावा उन्होंने को एड कॉलेज सेक्टर 23 बल्लभगढ़ में सरकार ने दिया,

ज्यादातर स्कूलों की नई इमारत बनाकर खड़ी की है ताकि अंतोदय की लाइन में खड़ा व्यक्ति अपने बच्चों को सरकार की शिक्षा का लाभ दे सके। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ क्षेत्र की सभी कॉलोनीयों तक सीमेंटेड सड़के सीवर पानी पहुंचाने का काम भी उन्होंने कराया है। इस अवसर पर सभी बुजुर्गों ने युवाओं ने महिलाओं ने मूलचंद शर्मा को अपना आशीर्वाद दिया और कहा कि निश्चित ही फिर से तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी।। उन्होंने सिटी पार्क में उपस्थित सभी शहरवासियों को बताया कि यह वही पार्क है जिसे विपक्ष के लोगों ने मिलीभगत कर बेचने का काम किया था, बल्लभगढ़ का सिटी पार्क शहर वासियों की जान है। पार्क में अलग-अलग संस्थाओं से आने वाले सभी गणमान्य लोगों ने किया भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा का स्वागत और दिया भरपूर आश्वासन और समर्थन, उन्होंने कहा कि जब सीवर लाइन भाजपा सरकार में लगभग सभी कालोनियों में डलवाई है तो साफ सफाई का कार्य भी प्रशासन का बनता है जो हमेशा चलता रहता है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले बल्लभगढ़ की कॉलोनी में 4 से 6 फीट पानी खड़ा हो जाता था स्कूल की बसें पलट जाती थी, 6 महीने तक रिश्तेदार भी कॉलोनी में नहीं आते थे लेकिन आज बल्लभगढ़ के हरी विहार सुभाष कॉलोनी में सीमेंटेड रोड हैं और सीवर लाइन है यह भी 2014 के बाद ही डाली गई है उन्होंने कहा कि पुराने विधायक लोगों को यह कहकर कार्यालय से चलता कर देते थे की हम इस गंदे पानी को कहां ले जाएं, लेकिन भाजपा राज में पानी की निकासी भी हुई और सड़के भी बनी यह सब हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व का कमाल है।। भाजपा प्रत्याशी शर्मा ने कहा कि दो बार बल्लभगढ़ की जनता का आशीर्वाद भरपूर मिला है और इस बार भी उन्हें विश्वास है कि भरपूर प्यार बल्लभगढ़ की देवी तुल्य जनता का मिलेगा और फिर तीसरी बार बल्लभगढ़ शहर की आवाज को चंडीगढ़ तक पहुंचने का काम करेंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय खिलाड़ी भूपेंद्र कालीरमन के निवास सेक्टर 2 बल्लभगढ़ पर मूलचंद शर्मा ने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान जाना हुआ और उनके परिवार से आगामी चुनावों के लिए आशीर्वाद लिया। जबकि जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत बल्लभगढ़ सेक्टर 2 में 250 गज पॉकेट में शिव शंकर अत्री के घर भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा पहुंचे, इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया और सेक्टरवासियों ने उन्हें अपना समर्थन देते हुए भविष्य के चुनाव में विजय भव का आशीर्वाद दिया।

दस पौधे लगाए

समाचार गेट ब्यूरो, फरीदाबाद

मिशन जागृति यूथ क्लब के द्वारा अपने युवा मोर्चा के प्रधान स्व. विपिन भारद्वाज की याद में गुड़गांव रोड पर पाली क्रेशर जॉन के नजदीक श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में 10 पौधे धरती मां को समर्पित किये। इस अवसर पर उनके साथ रविंद्र मलिक, परवेश मलिक, नीतू मलिक, दक्ष मलिक, संतोष अरोड़ा, बाबा जोगीनाथ, शिवानंद, तिरलोकी वर्मा, मनीष कुमार, गुरमीत सिंह देओल ने कहा मानव कल्याण के लिए व पर्यावरण को बचाने के लिए हमें पेड़ लगाने की बहुत आवश्यकता है।

मुफ्त बिजली और पानी के लिए रामलीला महासंघ का धरना

नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली के फतेहपुरी स्थित नेशनल क्लब में रामलीला समितियों ने मुफ्त बिजली और पानी की मांग को लेकर श्री रामलीला महासंघ के आह्वान पर धरना दिया। महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने कहा कि सरकार हर साल कांवड़ कैंप, छठ पूजा आयोजन और हज यात्रियों के लिए लगने वाले शिविरों में मुफ्त पानी, बिजली, टेंट, फर्नीचर, मोबाइल टॉयलेट से लेकर सुरक्षा प्रदान करती है। मगर, रामलीलाओं से इसके लिए सौ फीसदी शुल्क लिया जाता है। महासंघ के महासचिव सुभाष गोयल ने बताया कि मुगल काल से दिल्ली की एक रामलीला कमेटी को सरकार द्वारा बिजली, मैदान और पानी मुफ्त दिया जाता है। फिर दूसरी समितियों के साथ सौतेला व्यवहार क्यों। दूसरी सभी समितियों को मुफ्त बिजली और पानी मिलना चाहिए। महासंघ शीघ्र दिल्ली के उपराज्यपाल से मिलकर उन्हें अपनी मांगों से अवगत कराएगा।

चार दोपहिया वाहन समेत दो बदमाश धरे

नई दिल्ली। आनंद विहार पुलिस ने दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पिस्टल, तमंचा, तीन कारतूस, दो बाइक, दो स्कूटी, एक मंगल सूत्र बरामद हुआ है। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी से झपटमारी के 25 मामले सुलझे हैं। पकड़े गए आरोपी परवेज पर 32 और इमरान पर 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों ने 19 अगस्त को आनंद विहार इलाके में होटल लीला एम्बिएंस के पास दो लोगों से सोने की चेन लूटी थी। मामले की जांच के दौरान 175 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। पता चला आरोपियों ने इसी दौरान कृष्णा नगर, शाहदरा, कश्मीरी गेट, लक्ष्मी नगर, सिविल लाइंस, आईटीओ, गीता कॉलोनी में झपटमारी की कई वारदातें की थी।

18 मोबाइल फोन, स्कूटी समेत बदमाश को दबोचा

नई दिल्ली। शाहदरा जिला एएटीएस ने गुरुवार को एक लुटेरे को 18 मोबाइल फोन, स्कूटी और वाहन चोरी में इस्तेमाल चार मास्टर चाबी बरामद की है। बदमाश की पहचान जगजीत नगर निवासी शहदाब के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि इनमें से 11 मोबाइल फोन शिकायतकर्ताओं को सौंप दिए गए हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मोबाइल फोन बेचने के लिए मेरठ, उत्तर प्रदेश जा रहा था। इसके एक साथी फरमान की पुलिस को तलाश है। इस पर हत्या के प्रयास समेत दो मामले दर्ज हैं।

शिक्षकों को सम्मानित किया गया

नई दिल्ली, । राजधानी में उत्तराखंड लोक भाषा साहित्य मंच की ओर से शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उत्तराखंड की भाषाओं के विस्तार में अपना योगदान देने के लिए विभिन्न शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में भुम्याल विकास मंच सहित दिल्ली-एनसीआर की उत्तराखंडी सामाजिक संस्थाओं ने भी अपना सहयोग दिया। इस सम्मान समारोह में ओम प्रकाश आर्या, राधा मेहरा, कुसुम रावत, पुष्पा सती और संगीता भट्ट को सम्मानित किया गया।

बच्चों को बीड़ी पिलाने से मना करने पर हमला किया

नई दिल्ली। ज्योति नगर इलाके में स्कूल के छोटे बच्चों को बीड़ी पिलाने से मना करने पर कांच की बोतल से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी नौवीं कक्षा का छात्र है, जबकि पीड़ित 12वीं का छात्र है। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। तीन सितंबर को स्कूल में नौवीं का छात्र छोटे बच्चों को बीड़ी पिला रहा था। इसी दौरान पीड़ित वहां पहुंचा और उसने मना किया। इस पर आरोपी उससे झगड़ा करने लगा। स्कूल की छुट्टी के बाद शाम करीब 6.40 बजे पीड़ित अपने दोस्तों के साथ जा रहा था। इसी दौरान आरोपी ने अपने साथियों के साथ उसका रास्ता रोक लिया और मारपीट करने लगा। पीड़ित के कुछ दोस्त बीच बचाव के लिए आए तो आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर उनकी भी पिटाई करने लगा। इसी दौरान आरोपी ने पीड़ित के मुंह और पेट पर कांच की बोतल से हमला कर दिया। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

मच्छर प्रजनन मिलने पर निगम ने पांच हजार चालान काटे

नई दिल्ली, । दिल्ली में विभिन्न जगहों पर स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में मच्छर प्रजनन पाए जाने पर निगम कार्रवाई कर रहा है। एक माह के दौरान कई जगहों पर मच्छर प्रजनन और लार्वा मिले हैं। निगम ने एक माह में इसको लेकर पांच हजार से अधिक चालान काटे हैं। इसके साथ ही निगम की ओर से अपने स्कूलों में छात्रों को वीडियो संदेश के माध्यम से भी सूचना दी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। वीडियो संदेश से बच्चों हो रहे जागरूक

-मच्छर गंदे पानी में नहीं पनपता है। यह साफ पानी में पनपता है।

-कूलर और पौधों की नियमित जांच करें। कूलर को हर हफ्ते साफ करके उसे पूरी तरह सुखाकर ही दोबारा इस्तेमाल करें।

-छोटे-छोटे बर्तनों की भी जांच करें। जहां पानी इकट्ठा हो सकता है, वहां पर ठीक तरीके से जांच करें।

-छत पर अगर टूटे बर्तन रखें हैं तो उसकी नियमित जांच करें

-बारिश के मौसम में पूरे कपड़े पहनें। बीमार होने पर खुद से इलाज न करें। डॉक्टर से संपर्क करें।

निगम ने जांच के लिए उतारी टीमें

निगम ने विभिन्न इलाकों में जांच के लिए कई टीमें उतारी है। निगम ने आशा कर्मी, माली, सफाई कर्मचारियों, नाला बेलदार को भी तैनात किया है। हर वार्ड से तीन सफाई कर्मचारी और तीन नाला बेलदार विशेष रूप से डेंगू नियंत्रण के कार्य में लगाए गए हैं। आशा कर्मियों के साथ अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। नजफगढ़ क्षेत्र में डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 600 आशा कर्मी, 350 क्षेत्र कार्यकर्ता, 23 मलेरिया निरीक्षक, 66 बेलदार, 66 सफाई कर्मचारी, 44 मालियों को जांच के कार्य में लगाया गया है।

डेंगू के मामलों की रिपोर्ट जारी करे निगम

आरडब्ल्यूए सदस्यों ने कहा कि निगम डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मामलों की हर सप्ताह तैयार होने वाली रिपोर्ट को जारी करे। बीते एक वर्ष से इस रिपोर्ट को जारी नहीं किया गया है।

पार्किंग विवाद में गोली चलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सोनिया विहार में झगड़े के दौरान चली गोली में घायल हुई बच्ची के मामले में भगोड़ा घोषित किए गए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी पिछले तीन साल से गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस ने इसे दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक जुलाई 2021 में सोनिया विहार इलाके में सचिन और भानु ने अपने साथियों के साथ पार्किंग विवाद में गोली चला दी थी। गोली शिकायतकर्ता की आठ वर्षीय बेटी के सिर में लगी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी हमलावरों में से अधिकांश को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन भानु भागने में सफल रहा। पुलिस ने सूचना के आधार पर इसे गिरफ्तार कर लिया।

कपड़ों के गोदाम में लगी भीषण, कोई हताहत नही

नई दिल्ली। मुंडका इलाके में स्थित कपड़ों के गोदाम में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही पर मौके पर दमकल विभाग की 26 गाड़ियां पहुंचीं और आग बुझाना शुरू किया। दमकलकर्मियों ने करीब 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में दो मुद्दों पर विरोध करेंगे : आतिशी

नई दिल्ली (एजेंसी)। जीएसटी काउंसिल की सोमवार को होने वाली 54वीं बैठक में दिल्ली सरकार दो प्रमुख मुद्दों पर विरोध दर्ज कराएगी। वित्त मंत्री आतिशी ने बताया कि पहला मुद्दा विभिन्न शिक्षण संस्थानों को मिलने वाले रिसर्च ग्रांट (अनुसंधान अनुदान) पर जीएसटी लगाने का है, जबकि दूसरा मुद्दा डिजिटल पेमेंट में गेटवे (कार्ड के जरिए भुगतान) पर दो हजार रुपये से कम के ट्रांजेक्शन पर जीएसटी लगाने का है। दिल्ली सरकार इन दोनों प्रस्तावों का पुरजोर विरोध करती है। आतिशी ने बताया कि अगस्त में देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों को सरकार की तरफ से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि उन्हें जो अनुसंधान के लिए अनुदान मिला है, उस पर वर्ष 2017 से जीएसटी बकाया है। शिक्षण संस्थानों से 220 करोड़ रुपये जीएसटी के रूप में मांगे गए हैं। आतिशी ने बताया कि कई देश अपनी जीडीपी से एक बड़ी राशि शिक्षण संस्थानों को रिसर्च के लिए देता है। इजरायल जीडीपी का 4.94, जापान 3.82, अमेरिका 2.83, जर्मनी 3.13 और ब्राजील 1.16 फीसदी जीडीपी का हिस्सा रिसर्च के लिए देता है। वहीं, भारत जहां वर्ष 2014 में जीडीपी का .65 फीसदी रिसर्च के लिए देता था तो वहीं वर्ष 2024 में यह घटकर .41 फीसदी रह गया है। आतिशी ने कहा कि किसी भी देश में रिसर्च कारोबार के लिए नहीं बल्कि विकास के लिए होता है। वहां होने वाले अविष्कारों से देश आगे बढ़ता है। दुनिया के किसी भी देश में रिसर्च ग्रांट पर टैक्स नहीं है। आतिशी ने बताया कि दूसरा मुद्दा ऑनलाइन पेमेंट के गेटवे पर दो हजार से कम के ट्रांजेक्शन पर भी 18 फीसदी जीएसटी लगाने का है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार डिजिटल पेमेंट को देश में बढ़ाने का दावा करती है और दूसरी तरफ पेमेंट गेटवे पर छोटे से छोटे ट्रांजेक्शन पर जीएसटी लगाया जा रहा है। इससे एक तरफ जहां लोगों का कारोबार प्रभावित होगा तो वहीं दूसरी तरफ आम लोगों पर इसका बोझ पड़ेगा। पेमेंट गेटवे इस बढ़ी हुई राशि का भार कारोबारियों या ग्राहकों पर ही डालेगा। इसलिए वह इसके विरोध में हैं।

डूसू चुनाव द्व छात्र संगठनों ने कसी कमर, जल्द घोषित होंगे उम्मीदवार

-नामांकन की अंतिम तिथि 17 सितंबर, एबीवीपी और एसएफआई ने कार्यकारिणी समिति बनाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव 27 सितंबर को होने वाले हैं। इसको लेकर छात्र संगठनों ने कमर कस ली है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने डूसू चुनाव के लिए समिति की घोषणा कर दी है। संभावित प्रत्याशियों के नामों पर विचार के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया है। कैंपस में पोस्टर, बड़े बड़े होर्डिंग और बैनर दीवारों पर चस्पा हो गए हैं। नामांकन करने की अंतिम तिथि 17 सितंबर है। गणना 28 सितंबर को होगी।

डीयू ने स्पष्ट किया है कि दिन के समय की कक्षाओं के लिए मतदान सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम की कक्षाओं के लिए दोपहर 3 बजे से शाम 7.30 बजे तक होगा। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 18 सितंबर को दोपहर 12 बजे तक निर्धारित की गई है। अंतिम सूची 18 सितंबर को शाम 5 बजे तक प्रकाशित की जाएगी।

एबीवीपी डूसू चुनाव समिति का अध्यक्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. तपन बिहारी को बनाया गया है। इसके साथ चुनाव समिति में अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। डॉ. तपन बिहारी ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी कॉलेजों में चलाए गए डूसू इन कैंपस अभियान को छात्रों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एबीवीपी ने हमेशा से दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं का सजगता से प्रतिनिधित्व किया है एवं उनकी हर समस्याओं में साथ खड़े रहे हैं। हम संभावित प्रत्याशियों के नामों की शीघ्र घोषणा करेंगे। वहीं, एबीवीपी के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि इस वर्ष के डूसू चुनाव मुद्दों एवं मेनिफेस्टो के लिए छात्र छात्राओं के सुझाव भी एवं राय ली जा रही है। छात्रों से संपर्क के माध्यम से आ रही प्रतिक्रियाएं उत्साहवर्धन करने वाली है।

एसएफआई ने 50 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया ~डीयू के 200 से अधिक छात्रों की उपस्थिति में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने 50 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया। इसकी अध्यक्षता एसएफआई दिल्ली सचिव आइशी घोष ने की। जेएनयू की पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष आइशी घोष का कहना है कि हम कैंपस में चुनावों में होने वाले गुंडागर्दी, कैंपस में धन बल बाहु बल के दुरुपयोग के खिलाफ छात्र-केन्द्रित मुद्दों पर अपना चुनावी एजेंडा रखते हु चुनाव लड़ेंगे। एसएफआई ने सभी छात्रों के लिए छात्रावास की मांग, मेट्रो पास में रियायत, और चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (एफवाईयूपी) को वापस लेने जैसे विषयों को अपने घोषणापत्र में शामिल किया है। एसएफआई का एजेंडा दिल्ली विश्वविद्यालय के सबसे हाशिए पर और वंचित छात्रों का प्रतिनिधित्व करना है।

भाजपा ने 252 झुग्गी बस्तियों में सदस्यता अभियान चलाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली भाजपा ने रविवार को 252 झुग्गी क्लस्टरों में सदस्यता अभियान चलाया। प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बताया कि झुग्गी क्लस्टरों में रहने वाले लोग उत्साह के साथ भाजपा के सदस्य बन रहे हैं। वह केजरीवाल सरकार से निराश हैं और उन्हें पता है कि भाजपा ही उनकी बस्तियों को विकास से जोड़ेगी। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि कि बीते 10 वर्षों में दिल्ली सरकार के डूसिब विभाग ने झुग्गी बस्तियों में जनकल्याण का कोई काम नहीं किया है। आज झुग्गियों को तोड़ने का काम सरकार कर रही है। यही वजह है कि झुग्गी बस्ती वाले अपने जीवन परिवर्तन के लिए भाजपा को चुनने को तैयार है। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने पटपड़गंज स्थित इंदिरा कैंप में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि झुग्गीवासी आज स्वच्छ घर का सपना देखते हैं। यह सपना तभी पूरा होगा जब भाजपा दिल्ली की सत्ता में आकर प्रधानमंत्री आवास योजना लागू करेगी। दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर ने वसंत विहार स्थित शास्त्री मार्केट एवं बस्ती में भाजपा के नए सदस्य बनाए। इस दौरान सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बीआईडब्ल्यू कैंप बदरपुर, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने उद्योग नगर मेट्रो स्टेशन के पास, सांसद कमलजीत सहरावत ने गोयला डेयरी पंकज गार्डन, बांसुरी स्वराज ने सिंधिया कैंप सरोजिनी नगर और सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने केपीओ क्लस्टर में सदस्यता अभियान चलाया।

विधानसभा चुनाव से पहले एडहॉक दानिक्सक, ग्रेड-1 अफसरों का दिल्ली निर्वाचन कार्यालय हुआ ट्रांसफर

नई दिल्ली (एजेंसी).। दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोर-जोर से शुरू हो गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने जहां वोटर लिस्ट को अपडेट करने के लिए स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) को लेकर 'घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान' शुरू कर दिया है। वहीं दिल्ली सरकार की ओर से चुनाव कार्यालय को चुनाव की तैयारियों के लिए मैन पॉवर मुहैया कराने का काम किया जा रहा है। इस कड़ी में शनिवार को दिल्ली सरकार के 10 एडहॉक दानिक्स और ग्रेड-1 के सेक्शइन ऑफिसर्स के ट्रांसफर/पोस्टिंग के आदेश जारी किए गए। इन अधिकारियों को चुनावी ड्यूटी स्टॉकफ के लिए भेजा गया है। दिल्ली सरकार के सर्विसेज विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी/कंसलटेंट (सर्विसेज) अमिताभ जोशी की ओर से शनिवार (7 सितंबर) को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेशों में एडहॉक दानिक्से और ग्रेड-1 के 10 अधिकारियों को दिल्ली के मुख्यव निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में भेजा गया है। हालांकि, इनमें से एक ग्रेड-1 अधिकारी को सीईओ दिल्ली ऑफिस से शिक्षा विभाग में भी ट्रांसफर किया गया है। सभी अधिकारियों को स्टैंड रिलीव करते हुए तत्काल प्रभाव से बिना किसी फॉर्मल रिलीविंग आर्डर का इंतजार किए वर्तमान जगह की पोस्टिंग/विभाग को ज्वाइन करने के आदेश भी दिए हैं। एडहॉक दानिक्सी विवेक मित्तल और अनीता भराल को असिस्टेंट सीईओ नियुक्त किया गया है। वहीं, राजेश कुमार और हरी नारायण मीणा (असिस्टेंट कमिश्नर फूड एंड सप्लाई) को ईआरओ नियुक्त किया गया है। इसके अलावा आर. नीरजा एसडीएम (हेड क्वार्टर), सेंट्रल जिला को भी चुनाव अधिकारी (ईआरओ) नियुक्त किया गया है। उधर गुलशन कुमार आहूजा बीडीओ/साउथ वेस्ट को भी ईआरओ नियुक्त किया गया है। पंकज सिंह को एडमिन ऑफिसर बाबा साहब अंबेडकर अस्पताल के साथ वर्तमान बीएसएएमसीएच एडमिन ऑफिसर्स के एडिशनल चार्ज के साथ ट्रांसफर किया गया है। वहीं ग्रेड-1 के सेक्शन ऑफिसर नवीन हिंदूजा और एके मीणा को प्रतीक्षारत पोस्टिंग के साथ सीईओ दिल्ली ऑफिस ट्रांसफर किया गया है।

हरियाणा में गठबंधन से पूर्व विचार करे पार्टी : सोमनाथ भारती

नई दिल्ली। हरियाणा में आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच चल रही गठबंधन की चर्चा के बीच आप विधायक सोमनाथ भारती ने इस पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कांग्रेस और आप के गठबंधन को बेमेल बताया है। उन्होंने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भी दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन हुआ था। एक तरफ जहां अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए रोड शो निकाला तो वहीं कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आप प्रत्याशियों को सहयोग नहीं किया। भारती ने हरियाणा की 90 सीटों पर आप को अकेले चुनाव लड़ने की सलाह दी है। सोमनाथ भारती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर लिखा है कि हरियाणा में गठबंधन से पूर्व आम आदमी पार्टी को दिल्ली में किए गए गठबंधन का मूल्यांकन करना चाहिए। दिल्ली में गठबंधन होने पर उनके नेता अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए रोड शो किया, लेकिन आप प्रत्याशियों को कांग्रेस नेताओं से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिला। सोमनाथ भारती ने लिखा है कि चुनाव के बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। वरिष्ठ नेता अजय माकन ने तो मिलने से ही इनकार कर दिया। मालवीय नगर से उनके नेता जितेन्द्र कोचर ने इस गठबंधन के खिलाफ काम करते हुए भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। आप प्रत्याशियों के क्षेत्र में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं ने कोई रैली नहीं की। आप के अधिकांश कार्यकर्ता कांग्रेस से गठबंधन नहीं चाहते हैं। वह दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में अकेले ही चुनाव लड़ना चाहते हैं।

दो युवकों ने नशे की हालत में अस्पताल में जमकर काटा बवाल, नर्स और गार्ड भी रहे परेशान

नई दिल्ली ।द्वारका के इंदिरा गांधी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे दो युवकों ने रविवार सुबह जमकर बवाल काटा। जब नर्स घायल युवक की पट्टी करने लगी तो उन्होंने मना कर दिया और हंगामा करने लगे। सिक्योरिटी गार्ड से भी धक्का-मुक्की की। बाद में पुलिसकर्मी ने दोनों युवकों को अस्पताल से भगाया और मामले को शांत करवाया। अस्पताल स्टाफ के अनुसार, रविवार तड़के लगभग चार बजे नशे में दो युवक इंदिरा गांधी अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे। उनमें से एक को मामूली खरोंच आई थी। इस दौरान घायल युवक को एक्स-रे करवाने को कहा गया। युवकों ने एक्स-रे करवाने से मना कर दिया। डॉक्टर ने उन्हें समझाया तो मामला शांत हो गया। जब नर्स को युवक के घाव पर पट्टी करने को कहा गया तो युवक ने पट्टी बंधवाने से मना कर दिया व हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि सिर्फ डॉक्टर ही उसका इलाज करे। डॉक्टर ने स्थिति को संभालते हुए उसकी खरोंच पर बीटाडीन नामक दवा लगाई। इससे वह और गुस्सा गए। बीच बचाव के लिए सुरक्षा कर्मियों को बुलाया गया। युवक सिक्योरिटी गार्ड से भी धक्का मुक्की करने लगे व उन्हें धमकी देने लगे। इसके बाद वह मौके से फरार हो गए। बाद में पुलिस ने उन्हें अस्पताल परिसर से भगाया। अस्पताल स्टाफ ने अस्पताल में मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं। अभी इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि अस्पताल में बवाल काटने वाले युवक कहां के रहने वाले हैं।

एनएसए अजीत डोभाल रूस युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान पर चर्चा के लिए मॉस्को जाएंगे

नई दिल्ली। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल यूक्रेन-रूस युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान पर चर्चा के लिए मॉस्को जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों देशों का दौरा करके शांति प्रयासों में सबसे आगे रहे हैं। जुलाई में रूस की अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपना संदेश दोहराया कि यह युद्ध का युग नहीं है। हाल ही में उन्होंने कीव का दौरा किया और राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पीएम मोदी ने 27 अगस्त को राष्ट्रपति पुतिन के साथ टेलीफोन पर भी बातचीत की। सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं ने इस कॉल के दौरान चर्चा की कि भारत यूक्रेन में स्थायी शांति लाने के विचारों पर चर्चा करने के लिए अपने एनएसए को मॉस्को भेजेगा। ज्ञात रहे कि राष्ट्रपति पुतिन ने हाल ही में कहा था कि वे शांति के खिलाफ नहीं हैं। वह संघर्ष को समाप्त करने के लिए ब्राजील, चीन और भारत को संभावित मध्यस्थ के रूप में देखते हैं। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी यही बात कही थी। उन्होंने भारत को संभावित वार्ताकार के रूप में समर्थन दिया था। रूस और यूक्रेन की अपनी यात्राओं के बाद पीएम मोदी ने यूक्रेन में शांति प्रयासों पर चर्चा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ भी टेलीफोन पर बातचीत की थी।

बिंदु दारा सिंह बनेंगे हनुमान, शाहबाज खान होंगे रावण के किरदार में

-लालकिला मैदान के माधव दास पार्क में रामलीला मंचन को लेकर हुआ भूमि पूजन

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में अक्तूबर महीने से रामलीला मंचन की तैयारियों में समितियां जुट गई हैं। रविवार को लालकिला मैदान के माधवदास पार्क सहित कई दूसरे इलाकों में मंचन को लेकर भूमि पूजन हुआ। दिल्ली की श्री धार्मिक लीला कमेटी का भूमि पूजन माधवदास पार्क में नेपाल के जानकी मंदिर के महंत राम रोशन दास ने कराया।

रामलीला में हनुमान के किरदार में अभिनेता बिंदु दारा सिंह, रावण का किरदार शाहबाज खान और माता सीता की भूमिका में अभिनेत्री शिल्पा रायजादा नजर आएंगी। इस वर्ष श्री धार्मिक लीला कमेटी की ओर से 101वीं बार लीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला के भूमि पूजन में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि जब तक राम की कथा है। तब तक हमारा समाज जीवित है। भारत में नेपाल के कार्यवाहक राजदूत डॉ. सुरेंद्र थापा ने कहा कि समाज को भगवान राम का अनुसरण करना चाहिए। रामलीला के जरिए धर्म और संस्कृत को जानने का अच्छा अवसर मिलता है।

मंच से पर्यावरण संरक्षण का भी देंगे संदेश

कमेटी के प्रेस सचिव रवि जैन ने कहा कि रामलीला मंचन के जरिए पर्यावरण संरक्षण से लेकर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया जाएगा। भूमि पूजन में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित कई दूसरे देशों के राजदूत भी पहुंचे। कमेटी के चेयरमैन सुरेश गोयल, महासचिव धीरजधर गुप्ता एवं सचिव प्रदीप शरण द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन

शालीमार बाग स्थित रामलीला मैदान में शालीमार बाग रामलीला कमेटी की ओर से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन किया गया। कमेटी के प्रधान सुरेश गुप्ता और महामंत्री शिव शंकर नागर ने सभी कलाकारों से रूबरू कराया। कमेटी के प्रवक्ता संजय गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का आयोजन दो अक्तूबर से होगा। भूमि पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया। वहीं, शास्त्री पार्क के डीडीए रामलीला मैदान में विष्णु अवतार रामलीला कमेटी द्वारा भूमि पूजन का आयोजन किया गया। कमेटी के महामंत्री दिवाकर पांडेय ने बताया कि 24वीं बार रामलीला का मंचन होगा। इसका आयोजन दो अक्तूबर से शुरू होगा।

नए प्रसंगों का मंचन करेंगे

आईपी एक्सटेंशन स्थित डीडीए उत्सव ग्राउंड में श्री रामलीला कमेटी इंद्रप्रस्थ द्वारा भी भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधायक ओम प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। कमेटी लीला के प्रधान सुरेश बिंदल व लीला निदेशक सुमन गुप्ता ने बताया कि इस बार लीला में नए प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। मंदोदरी द्वारा महाबली रावण की नाभि में अमृत की स्थापना की लीला का मंचन किया जाएगा।

पूर्व उप मुख्यमंत्री पहुंचे भूमि पूजन में

रास विहार पार्क में समृद्ध भारत ट्रस्ट के तत्वावधान में कामधेनु रामलीला के मंचन के लिए भूमि पूजन हुआ। भूमि पूजन में मुख्य अतिथि के तौर पर दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पहुंचे। ट्रस्ट के चेयरमैन कुलदीप भंडारी के अनुसार दो से लेकर 12 अक्तूबर तक लीला का मंचन होगा। उत्तराखंड फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हुए कलाकार लीला का मंचन करेंगे।

मुद्रस्फीति आंकड़े और वैश्विक रुख तय करेंगे बाजार की चाल

ब्रेंट क्रूड की गतिविधियों और रुपये-डॉलर के रुख पर भी होगी बाजार की नजर

मुंबई ।

वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई मुनाफावसूली से बीते सप्ताह करीब डेढ़ प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह मुद्रास्फीति जैसे वृहत आर्थिक आंकड़ें, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होंगी। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में पिछले कुछ दिनों में सुधार देखा गया है और ब्रेंट क्रूड अब 73 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के करीब है। भारत में निवेशक इस सप्ताह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सहित अन्य वृहत आर्थिक आंकड़े जारी होने का इंतजार करेंगे। वैश्विक स्तर पर, निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती को लेकर आशावादी बने हुए हैं। उनकी नजर इस महीने होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक पर होगी। वृहत आर्थिक आंकड़ों के तहत जुलाई के लिए औद्योगिक उत्पादन और अगस्त के लिए मुद्रास्फीति आंकड़ों की घोषणा गुरुवार को की जाएगी। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,181.84 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 383.75 अंक की गिरावट आई। स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,017.23 अंक टूटकर 81,183.93 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 292.95 अंक टूटकर 24,852.15 पर रहा।

बाजार के जानकारों ने कहा कि हमारा अनुमान है कि निकट भविष्य में बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहेगा। निवेशकों की नजर वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की गतिविधियों और रुपये-डॉलर के रुख पर भी होगी। आने वाले सप्ताह में अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर होगी।

आईआईटी बॉम्बे को अनुसंधान एवं विकास के लिए मिला 700 करोड़ का फंड

2022-23 में संस्थान को 576 करोड़ और 2021-22 में 502 करोड़ रुपये मिले थे

नई दिल्ली ।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे ने 2023-24 में अनुसंधान और विकास के लिए वार्षिक अनुदान के रूप में रिकॉर्ड 700 करोड़ रुपये प्राप्त किए हैं। पिछले तीन वर्षों की तुलना में यह सबसे ज्यादा है। 2022-23 में संस्थान को 576 करोड़ रुपये और 2021-22 में 502 करोड़ रुपये मिले थे। आरएंडडी फंड सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों से प्राप्त राशि का संयोजन है। निजी एजेंसियों से प्राप्त धन अनुदान राशि का 35 प्रतिशत होता है, जबकि शेष सरकारी एजेंसियों द्वारा दिया जाता है। संस्थान ने कहा कि आईआईटी बॉम्बे ने अपने अनुसंधान एवं विकास को तकनीकी आत्मनिर्भरता हासिल करने के राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ जोड़ने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। संस्थान ने विभिन्न शैक्षणिक इकाइयों के शोधकर्ताओं को शामिल करते हुए जटिल समस्याओं को समग्र तरीके से हल करने के लिए कई बड़े बहु-विषयक अनुसंधान केंद्र स्थापित किए हैं। इसमें कहा गया कि छात्र और संकाय सदस्य विज्ञान, इंजीनियरिंग, डिजाइन, प्रबंधन और मानविकी के सभी क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाएं संचालित करते हैं। संस्थान ने बताया कि विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, डिजाइन और सामाजिक विज्ञान के सभी क्षेत्रों में हर साल नई अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं शुरू की जाती हैं, जिनमें अल्पकालिक परामर्श और दीर्घकालिक प्रायोजित अनुसंधान दोनों शामिल हैं। परियोजनाओं की अवधि आम तौर पर 2-5 साल तक होती है। आईआईटी बॉम्बे इस अनुदान का उपयोग तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा महाराष्ट्र ड्रोन मिशन जैसी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए करेगा। स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने और ड्रोन प्रौद्योगिकी में महाराष्ट्र को वर्ल्ड लीडर के रूप में स्थापित करने के लिए विभाग ने 151.8 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक परियोजना को वित्त पोषित किया। संस्थान वस्त्र मंत्रालय के लिए एक परियोजना वस्त्र-आधारित कंपोजिट का उपयोग करके हाइड्रोजन प्रेशर वेसल निर्माण का विकास करने के लिए भी काम कर रही है। आईआईटी-बॉम्बे ने विश्व स्तरीय संस्थानों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में यह दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल है। हाल ही में जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल फ्रेमवर्क रैंकिंग में भी आईआईटी-बॉम्बे शीर्ष तीन में शामिल है।

बायूज ऑडिटर ने पिछली तारीखों में रिपोर्ट करने को कहा, हम सहमत नहीं थे: सीईओ

नई दिल्ली ।

शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बायजू रवींद्रन ने आरोप लगाया कि कंपनी की ऑडिट कंपनी बीडीओ ने रिपोर्ट को पिछली तारीख से प्रकाशित करने का सुझाव दिया था, जिसे कंपनी ने स्वीकार करने से मना कर दिया और उनका इस्तीफा दिखावटी है। ऑडिट फर्म के रूप में बीडीओ के इस्तीफे पर रवींद्रन ने बताया कि ऑडिटर दिवाला कार्यवाही के बारे में सबसे पहले जानते हैं, लेकिन उन्होंने इसके बारे में अदालत द्वारा नियुक्त दिवाला समाधान पेशेवर (आईआरपी) को सूचित नहीं किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमें कई बार पिछली तारीखों में रिपोर्ट करने के लिए कहा है। यह सब हाल ही में हुआ है। हम सहमत नहीं थे। हमारे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। एमएसकेए एंड एसोसिएट्स ने बीडीओ इंडिया से सम्बद्ध बायजू के ऑडिट का काम संभाला था। एमएसकेए ने फर्म के ऑडिटर के पद से इस्तीफा दे दिया है। रवींद्रन ने कहा कि ऑडिटरों ने पश्चिम एशिया स्थित साझेदार के साथ लेन-देन के फोरेंसिक ऑडिट के लिए कहा था, जिसे जून में मंजूरी दे दी गई थी, लेकिन ऑडिटरों ने इस पर कोई काम नहीं किया। रवींद्रन ने कहा कि यह बच निकलना है, निराधार है और उन्होंने ऐसा उस समय किया जब हम बोर्ड में नहीं थे। हम अभी भी बोर्ड में नहीं हैं।

उन्हें बोर्ड को सूचित करना चाहिए था। पिछले 45 दिनों में उन्होंने बोर्ड को कुछ भी नहीं बताया है। यह न केवल निराधार है, बल्कि उन्होंने जो कुछ भी किया है वह कानूनी रूप से भी अस्वीकार्य है। एमएसकेए एंड एसोसिएट्स और बीडीओ इंडिया को वेबसाइट के माध्यम से भेजे गए सवालों के जवाब इस खबर के लिखे जाने तक नहीं मिले थे।

कमाई के मामले में मार्क जकरबर्ग ने अंबानी और अडानी को भी पीछे छोड़ा

मार्क जकरबर्ग ने इस साल करीब 50 अरब डॉलर कमाए

नई दिल्ली ।

इस साल मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने कमाई के मामले में दुनिया के सबसे अमीर लोगों को भी पीछे छोड़ दिया है। यही नहीं, इस साल मुकेश अंबानी और गौतम अडानी ने मिलाकर भी मार्क के बराबर कमाई नहीं की है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक मार्क ने इस साल करीब 50 अरब डॉलर (करीब 4.20 लाख करोड़ रुपये) की कमाई की है। वहीं इस साल सबसे ज्यादा कमाई के मामले में दूसरा नंबर एनविडिया कंपनी के प्रेसिडेंट जेसन हुआंग का है। जेसन ने इस साल 46.4 अरब डॉलर की कमाई की। मार्क दुनिया के चौथे सबसे अमीर इंसान हैं। इस साल मार्क ने जितनी कमाई की है, उतनी कमाई अंबानी और अडानी ने मिलकर भी नहीं की। अंबानी ने इस साल 14.2 अरब डॉलर की कमाई की। वहीं अडानी की इस साल की कमाई 15.3 अरब डॉलर रही। दोनों ने इस साल कुल 29.5 अरब डॉलर की कमाई की। यह मार्क की इस साल की कमाई से करीब 20 अरब डॉलर कम है। टेस्ला के मालिक एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर इंसान हैं। वहीं अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स हैं। इस साल एलन ने 7.73 अरब डॉलर और जेफ ने 17.9 अरब डॉलर की कमाई की। दोनों की कुल कमाई 25.63 अरब डॉलर रही। यह इस साल मार्क की कमाई (50 अरब डॉलर) से काफी कम है। पिछले 24 घंटे में दुनिया के अमीरों की संपत्ति में जबरदस्त गिरावट आई है। मुकेश अंबानी की संपत्ति में 2.14 अरब डॉलर और अडानी की संपत्ति में 1.57 अरब डॉलर की कमी आई है। यह कमी शेयर बाजार में गिरावट के कारण आई। शुक्रवार को शेयर बाजार में एक हजार से ज्यादा अंकों की गिरावट आई थी।

भारत सहित विश्व के केंद्रीय बैंकों ने बढ़ाई सोने की खरीदारी

नई दिल्ली ।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई महीने में ही केंद्रीय बैंकों ने 37 टन सोना खरीदा। पोलैंड, तुर्की, उज्बेकिस्तान और चेक रिपब्लिक जैसे देशों ने इस खरीदारी में प्रमुख भूमिका निभाई है जबकि भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान 18.67 टन सोना खरीदा। पोलैंड का सेंट्रल बैंक 18.68 टन सोना खरीद कर पहले स्थान पर रहा, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक ने इस दौरान 18.67 टन सोना खरीदा. तुर्की ने 14.63 टन, उज्बेकिस्तान ने 7.46 टन और चेक रिपब्लिक ने 5.91 टन सोना खरीदा। इस साल की दूसरी तिमाही में केंद्रीय बैंकों ने कुल 183 टन सोना खरीदा, जो कि 2023 की इसी अवधि के 173.6 टन से अधिक है। कुछ देश ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने सोने के भंडार को कम किया है। कजाखस्तान ने 11.83 टन, सिंगापुर ने 7.7 टन और जर्मनी ने 780 किलोग्राम सोना बेचा है। इसके बावजूद साल 2023 में केंद्रीय बैंकों द्वारा 1,037 टन सोना खरीदा गया, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 1,082 टन था। सोना लंबे समय से देशों के एसेट रिजर्व का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है और यह वर्तमान में भी जारी है. केंद्रीय बैंकों के लिए सोना एक स्थिर एसेट की तरह कार्य करता है, जो वित्तीय संकट के दौरान अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करने के साथ-साथ रिजर्व को विविधता भी देता है। बाजार के जानकार कहते हैं कि डॉलर की गिरावट और अमेरिकी ब्याज दरों में संभावित कटौती की वजह से केंद्रीय बैंक सोने की खरीदारी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था कर्ज में चल रही है और डॉलर कमजोर हो सकता है। इसलिए केंद्रीय बैंक अपने पोर्टफोलियो को विविधता देने के लिए सोने की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं इस साल सोने की कीमतों में नए रिकॉर्ड बनने की उम्मीद है।

अगले महीने लॉन्च होगी 2024 किआ कार्निवाल

नई दिल्ली ।

किआ इंडिया कंपनी अपनी नई कार्निवाल अगले महीने 3 अक्टूबर को लॉन्च करेगी। देश के कुछ चुनिंदा डीलरशिप पर इसकी बुकिंग शुरू हो गई है। कार खरीदने के लिए ग्राहक अपने नजदीकी डीलरशिप पर जाकर 1 लाख रुपये की टोकन राशि के साथ बुक कर सकते हैं। हालांकि, किआ ने अबतक कार्निवाल की आधिकारिक बुकिंग नहीं शुरू की है। 2024 किआ कार्निवाल में 12.3 इंच की टचस्क्रीन स्क्रीन, डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, रियर इंफोटेनमेंट स्क्रीन, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एपल कारप्ले, वायरलेस चार्जर, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, 360-डिग्री कैमरा और हेड-अप डिस्प्ले जैसे फीचर्स मिल सकते हैं। अपकमिंग एमपीवी में 2.2-लीटर, 4-सिलेंडर टर्बो-डीजल इंजन दिया जा सकता है, जो 200 बीएचपी की पावर जेनरेट कर सकता है। कंपनी इसके साथ 1.6-लीटर पेट्रोल हाइब्रिड इंजन भी शामिल कर सकती है।

पिछले सप्ताह पांच पेन्नी स्टॉक्स ने 55 फीसदी तक रिटर्न दिया

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह उतार चढ़ाव वाला रहा है। शुक्रवार को सेंसेक्स 900 से ज्यादा अंकों की गिरावट के बाद बंद हुआ, जबकि निफ्टी में भी 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। पूरे हफ्ते सेंसेक्स लगभग 1.43 प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुआ। हालांकि इस गिरावट भरे बाजार में कुछ ऐसे पेनी स्टॉक हैं, जिन्होंने कमाल किया है। 9 पेनी स्टॉक्स ने अपने निवेशकों को 10 प्रतिशत से लेकर 55 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, जिसका करेंट शेयर प्राइस 20 रुपये से कम है और इनका मार्केट कैप 1000 करोड़ रुपये से कम है। डायमंड ज्यूलरी बनाने वाली एक कंपनी ने पिछले हफ्ते बेहद ही शानदार प्रदर्शन किया है, इसके शेयर प्राइस में 53 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है और यह शुक्रवार यह 10.24 रुपये के भाव पर बंद हुआ। यह कंपनी नोज पिन, स्टड, सॉलिटेयर, घड़ियां, बेल्ट, कफ़लिंक, और शर्ट के बटन बनाती है।

कौशल विकास मंत्रालय ने स्विगी के साथ किया समझौता

नई दिल्ली । कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) और ऑनलाइन मंच स्विगी के साथ समझौता करने की घोषणा की। इस समझौते के तहत स्विगी के खाद्य वितरण और त्वरित वाणिज्य नेटवर्क के तहत कौशल और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए एक पहल शुरू की जाएगी। इस समझौते से स्विगी से जुड़े 2.4 लाख डिलीवरी साझेदार और रेस्तरां साझेदार के कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इस पहल से रेस्तरां संचालन और खुदरा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से जुड़े लोगों को रोजगार, इंटर्नशिप और प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। स्विगी स्किल्स पहल के तहत इसके डिलीवरी पार्टनर मंच को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत किया जाएगा, जिससे स्विगी के कर्मचारियों को ऑनलाइन कौशल विकास पाठ्यक्रम, प्रमाणन और प्रशिक्षण मॉड्यूल तक पहुंच प्रदान की जाएगी।

अमेरिका के सामने बैकफुट पर आई चीन सरकार

- अमेरिका से ट्रेड वॉर कर बुरा फंसा चाइना, बाजार पिटे तो समझौते के लिए गिड़गिड़ाया

नई दिल्ली । पिछले काफी सालों से चीन और अमेरिका के बीच ट्रेड वॉर को सभी ने देखा है। अमेरिका ने अपने कारोबार दर सुरक्षित रखने के लिए पहले चीन पर एक के बाद एक प्रतिबंध लगाए जवाब में ड्रैगन की तरफ से भी यूएस के बाजारों को बंद करने की कार्रवाई की गई। खुद को दुनिया की फैक्ट्री कहलाने वाले चीन के बाजार को इन प्रतिबंधों के चलते नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में अब शी जिनपिंग की सरकार अमेरिका के सामने इस समय बैकफुट पर दिखाई दे रही है। जिनपिंग के मंत्री अमेरिकी समकक्ष से मुलाकात के समय यह तक कह गए कि आपको हमारे बड़े बाजारों से डरने की जरूरत नहीं है। ये आपके लिए एक मौके की तरह हैं। खबर के अनुसार चीन के कॉमर्स मंत्रालय के उप मंत्री वांग शॉवेन ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अमेरिकी समकक्ष मारिसा लागो से चीन के तियानजिन शहर में मुलाकात की। यह बातचीत इस साल दोनों अधिकारियों के बीच दूसरी वार्ता है। चीनी नेता ने इस दौरान कहा हम आपके लिए एक अवसर है, खतरा नहीं। इससे पहले चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा था कि अमेरिका को चीनी सामान पर सभी टैरिफ हटा लेने चाहिए जो बाइडेन के प्रशासन ने चीन में बने इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स जरूरत से ज्यादा बढ़ा दिया था। चीनी मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के व्यापारिक समुदायों द्वारा उठाए गए नीति और व्यावसायिक मुद्दों पर पेशेवर, तर्कसंगत और व्यावहारिक बातचीत हुई। इसमें कहा गया कि चीन ने उनके देश के सामान पर अमेरिकी टैक्स सहित अन्य मुद्दों पर चिंता व्यक्त की। साथ ही कहा कि चीन अत्यधिक क्षमता के बहाने व्यापार और निवेश प्रतिबंधों का विरोध करता है।

बीमा कंपनी को 15 दिनों में जारी करनी होगी पॉलिसी

नई दिल्ली । इंश्योरेंस रैगुलेटर ईआरडीएआई ने बीमा पॉलिसी होल्डर्स के अधिकारों को लेकर एक मास्टर सर्कुलर जारी किया है। इस सर्कुलर में ई-इंश्योरेंस पॉलिसियों, हैल्थ लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियों दोनों के क्लेम सेटलमैंट की समयसीमा और कई हैल्थ बीमा पॉलिसियों वाले पॉलिसी होल्डर्स के अधिकारों को शामिल किया गया है। बीमा कंपनी को प्रपोजल फॉर्म स्वीकार करने के 15 दिनों के भीतर पॉलिसी जारी करनी होगी। नए नियमों के तहत इंश्योरेंस कंपनी को प्रपोजल फॉर्म के साथ इनीशिजल प्रीमियम जमा करने की अनुमति नहीं है। 30 दिन का फ्री लुक पीरियड एक साल या उससे अधिक की लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए, पॉलिसीहोल्डर के पास 30 दिनों की फ्री लुक पीरियड अवधि होगी। यदि पॉलिसीहोल्डर पॉलिसी की शर्तों या नियमों से असंतुष्ट है, तो उसके पास इन 30 दिनों के भीतर पॉलिसी को रद्द करने के लिए कंपनी को वापस करने का विकल्प है। कस्टमर इंफॉर्मेशन शीट एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसे कंपनी अनिवार्य रूप से अपने ग्राहकों को उनकी बीमा पॉलिसियों के साथ प्रदान करते हैं। यह पॉलिसी की मुख्य विशेषताओं और लाभों के सारांश के रूप में काम करता है। यह सुनिश्चित करता है कि पॉलिसीधारकों को उनके कवरेज के बारे में अच्छी जानकारी है।

शीर्ष आठ कंपनियों का मार्केट कैप दो लाख करोड़ घटा

- सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ

नई दिल्ली ।

पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के साथ देश की शीर्ष 10 कीमती कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 2,01,699.77 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ। बाजार पूंजीकरण से आशय कंपनी के शेयर के कुल मूल्य से है। इसे कुल जारी शेयर को मौजूदा बाजार भाव पर गुना कर प्राप्त किया जाता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 60,824.68 करोड़ रुपये घटकर 19,82,282.42 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 34,136.66 करोड़ रुपये घटकर 16,12,762.51 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 29,495.84 करोड़ रुपये घटकर 6,98,440.13 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 28,379.54 करोड़ रुपये घटकर 8,76,207.58 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 17,061.44 करोड़ रुपये घटकर 7,89,819.06 करोड़ रुपये, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 16,381.74 करोड़ रुपये घटकर 6,57,009.14 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 15,169.76 करोड़ रुपये घटकर 8,51,204.65 करोड़ रुपये और आईटीसी का एमकैप 250.11

करोड़ रुपये घटकर 6,27,337.65 करोड़ रुपये रहा।। हालांकि हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 14,179.78 करोड़ रुपये बढ़कर 6,66,919.73 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,735.35 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,941.78 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और आईटीसी का स्थान रहा।

फूलेगा चीन का दम! सेमीकंडक्टर हब बनने की ओर भारत

मुंबई । महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की एक समिति ने 10 अरब (83,947 करोड़) के बड़े निवेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। यह परियोजना टावर सेमीकंडक्टर और अडानी ग्रुप के बीच साझेदारी में संचालित होगी। दोनों कंपनियां मिलकर एक जॉइंट वेंचर बनाएंगी जो महाराष्ट्र के पनवेल में एक सेमीकंडक्टर चिप निर्माण फैक्ट्री की स्थापना करेगी। यह सेमीकंडक्टर निर्माण यूनिट नवी मुंबई के रायगढ़ जिले में होगी। पहले चरण में इसकी क्षमता 40,000 वेफर स्टार्ट्स प्रति माह (डब्ल्यूएसपीएम) होगी, और परियोजना के पूरा होने पर कुल क्षमता 80,000 डब्ल्यूएसपीएम तक पहुंचने की उम्मीद है। दरअसल मोदी सरकार ने राज्यों को अपने सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने की स्वतंत्रता दी है, लेकिन केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रोत्साहन की उम्मीद रखने वाले सभी आवेदकों को आईएसएम से अनुमति प्राप्त करनी होती है। यदि इस परियोजना को मंजूरी मिलती है, तब यह भारत की दूसरी चिप मैन्युफैक्चरिंग सुविधा और भारत का छठा सेमीकंडक्टर संयंत्र होगा जो चिप्स का उत्पादन या परीक्षण और पैकेजिंग करता है। इस सप्ताह की शुरुआत में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्नाटक के मैसूर में स्थित कंपनी केंस सेमीकंडक्टर द्वारा प्रस्तुत एक प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसमें 3,307 करोड़ की लागत से एक आउटसोर्स्ड असेंबली और टेस्टिंग यूनिट स्थापित की जाएगी। यह यूनिट गुजरात के साणंद में स्थापित होगी और इसकी कुल क्षमता 6.3 मिलियन चिप्स प्रति दिन होगी।

तेल-तिलहन के भाव सुधरे जबकि सोयाबीन तिलहन में रही गिरावट

नई दिल्ली ।

कच्ची घानी के बड़े खाने के तेल मिलों की मांग बढ़ने तथा बरसात के कारण मंडियों में कम आवक से देश के तेल-तिलहन बाजारों में शनिवार को सरसों तेल-तिलहन की अगुवाई में मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ जबकि सोयाबीन तिलहन के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। बाजार सूत्रों ने बताया कि बरसात के कारण सोयाबीन, मूंगफली और बिनौला आदि के फसल आने में अभी देर होगी जिसकी वजह से बाजार में कम आपूर्ति (शॉर्ट सप्लाई) की स्थिति बनी हुई है। तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे: सरसों तिलहन 6,310-6,350 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,700-6,975 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 15,850 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,385-2,685 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 12,525 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 2,010-2,110 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2,010-2,125 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 10,625 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 0,225 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 8,850 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 9,425

रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 10,450 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 10,650 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स कांडला- 9,850 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,740-4,770 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,540-4,675 रुपये प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का) 4,200 रुपये प्रति क्विंटल।

भारतीय क्रिकेट बेहद शक्तिशाली है क्योंकि हर जगह से आ रही है प्रतिभा: राहुल द्रविड

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु । महान खिलाड़ी राहुल द्रविड़ ने कहा कि बढ़ते प्रतिभा पूल की बदौलत भारतीय क्रिकेट एक 'बेहद शक्तिशाली' ताकत के रूप में विकसित हुआ है और यह अब देश के सुदूर कोने तक भी फैल गया है। टी20 विश्व कप में भारत की जीत के सूत्रधार रहे द्रविड़ ने कहा कि एक मजबूत क्लब क्रिकेट संस्कृति का राष्ट्रीय टीम में शहर के क्रिकेटरों के दबदबे की पुरानी प्रवृत्ति को खत्म करने में काफी योगदान है। माउंट जॉय क्लब के 50वें वर्ष के जश्न के दौरान भारत के पूर्व कोच ने कहा, ''अगर आप आज भारतीय क्रिकेट को देखें, तो भारतीय क्रिकेट बेहद मजबूत है, यह बेहद शक्तिशाली है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि प्रतिभाएं हर जगह से, देश के हर कोने से आती है।''

उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि अगर आप जीआर विश्वनाथ के समय में जाएं या जब मैं अपना करियर शुरू कर रहा था, तब भी ज्यादातर प्रतिभाएं बड़े शहरों या कुछ चुनिंदा राज्यों से आती थीं।'' उन्होंने कहा, '' छोटी जगहों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी क्रिकेट खेलने के लिए बड़े शहरों में आना पड़ता था। मेरा मानना है कि मौजूदा दौर में आप देख रहे हैं कि भारतीय क्रिकेट में हर जगह से खिलाड़ी आ रहे हैं।''

द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट के बढ़े हुए स्तर का उदाहरण घरेलू क्रिकेट से दिया। उन्होंने कहा, ''आप अब रणजी ट्रॉफी के स्तर को देखिये , आप किसी भी टीम को हलके में नहीं ले सकते है।'' उन्होंने कहा, '' मैं किसी का अनादर नहीं कर रहा हूं लेकिन जब मैंने खेलना शुरू किया था तब दक्षिण क्षेत्र में तमिलनाडु और हैदराबाद को छोड़कर हम अन्य टीमों के प्रति थोड़े आश्वस्त होकर खेलते थे लेकिन अब आप ऐसा नहीं कर सकते है। हर टीम मजबूत है।

रणधीर सिंह ओसीए अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बने

नई दिल्ली (एजेंसी)। अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गये। उन्हें रविवार को यहां इस महाद्वीपीय संस्था की 44वीं आम सभा के दौरान यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। पांच बार के ओलंपिक निशानेबाज रणधीर ओसीए अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र योग्य उम्मीदवार थे।

उनका कार्यकाल 2024 से 2028 तक रहेगा।उनका चयन सर्वसम्मति से किया गया। यह 77 वर्षीय कुशल प्रशासक 2021 से ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष थे। उन्होंने कुवैत के शेख अहमद अल-फहद अल-सबा की जगह ली है, जिन पर नैतिकता के उल्लंघन के कारण इस साल मई में खेल प्रशासन से 15 साल का प्रतिबंध लगा दिया गया था।

भारतीय और एशियाई खेल संस्थाओं में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहे रणधीर को खेल मंत्री मनसुख मांडविया और एशिया के सभी 45 देशों के शीर्ष खेल प्रशासकों की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर ओसीए अध्यक्ष चुना गया। रणधीर पंजाब के पटियाला के रहने वाले है और उनका परिवार शुरू से खेलों से जुड़ा रहा है। उनके चाचा महाराजा यादवेंद्र सिंह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलते थे और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सदस्य थे।

उनके पिता भलिंदर सिंह भी प्रथम श्रेणी क्रिकेटर थे। वह 1947 और 1992 के बीच आईओसी सदस्य रहे थे। रणधीर भी 2001 से 2014 तक आईओसी के सदस्य रहे थे। इसके बाद वह मानद सदस्य के रूप में आईओसी से जुड़े रहे।

ईरान का जैवलिन थ्रोअर अयोग्य घोषित, गोल्ड में बदला नवदीप सिंह का सिल्वर मेडल

पेरिस (एजेंसी)। पेरिस पैरालंपिक में शनिवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ41 फाइनल में नाटकीय प्रदर्शन के बीच ईरान के बेत सयाह सादेघ को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद भारत के नवदीप सिंह के रजत पदक को स्वर्ण में बदल दिया गया। यह पुरुषों की भाला एफ41 श्रेणी में भारत का पहला स्वर्ण पदक है। नवदीप का पहला प्रयास फाउल रहा लेकिन उन्होंने दूसरे प्रयास में 46.39 मीटर के थ्रो के साथ शानदार वापसी की।

तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले नवदीप के तीसरे थ्रो ने स्टेडियम को रोमांचित कर दिया। उन्होंने 47.32 मीटर के विशाल थ्रो के साथ पैरालंपिक रिकॉर्ड को तोड़ दिया और बढ़त बना ली। सादेघ ने हालांकि अपने पांचवें प्रयास में भारतीय खिलाड़ी से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 47.64 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो किया। फाइनल की समाप्ति के कुछ समय बाद ईरान के खिलाड़ी को अयोग्य घोषित कर दिया गया, जिसके कारण नवदीप ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

सयाह को बार-बार आपत्तिजनक झंडा प्रदर्शित करने के लिए अयोग्य घोषित किया गया। वह अपनी हरकतों से स्वर्ण पदक गवां बैठे। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के नियम एथलीटों को आयोजन में कोई भी राजनीतिक संकेत देने से रोकते हैं और सयाह को गैर-खेल/अनुचित आचरण के लिए अंतिम परिणामों से बाहर कर दिया गया था। इस स्पर्धा का रजत विश्व रिकॉर्ड धारक चीन के सन पेंगजियांग (44.72) के नाम रहा जबकि इराक के नुखाइलावी वाइल्डन (40.46) ने कांस्य पदक जीता। एफ41 श्रेणी छोटे कद के एथलीटों के लिए है। नवदीप ने इस स्वर्ण पदक के साथ टोक्यो खेलों में चौथे स्थान पर रहने की कसक को दूर की। आयकर विभाग में निरीक्षक के पद पर तैनात नवदीप ने 2017 में खेल में आने के बाद से राष्ट्रीय स्तर पर पांच बार पदक जीते हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में पैरा-विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

इंडिया 'बी' के सामने पस्त हुई इंडिया 'ए' की टीम, ऋषभ पंत ने इंडिया ए के हडल में 'घुसपैठ' कर जान लिया पूरा प्लान

बेंगलुरु (एजेंसी)। दलीप ट्रॉफी 2024 में इंडिया ए और इंडिया बी के बीच मुकाबला खेला गया। जिसे इंडिया बी ने जीत लिया। वहीं विकेटकीपर और बल्लेबाज ऋषभ पंत एक बार फिर चर्चाओं में हैं। पंत अक्सर मैदान पर अपनी बल्लेबाजी और मजाकिया अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उनका सेंस ऑफ ह्यूमर भी कमाल का है। वह कई बार ऐसी फनी हरकते करते दिखे जिससे विरोधी टीम के खिलाड़ी भी खुद को हंसने से नहीं रोक पाए।

दरअसल, टूर्नामेंट में इंडिया बी का हिस्सा पंत ने मजाकिया अंदाज में इंडिया ए टीम के हडल के दौरान घुसबैठ कर दी। जिसके बाद उन्होंने चुपके से इंडिया ए का पूरा प्लान जान लिया। पंत का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। जिसे देखकर आप भी खुद को मुस्कुराने से नहीं रोक पाएंगे।

पंत ने इंडिया ए वर्सेस इंडिया बी मुकाबले के चौथे दिन यानी रविवार को सुबह के समय हडल में घुसपैठ की। इंडिया एक के कप्तान शुभमन गिल मैदान पर उतरने से पहले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे थे। तभी पंत ने चोरी छिपे से इंडिया ए के हडल में सेंधमारी की और उनका प्लान जान लिया। कुछ देर बाद उन्होंने शुभमन की बातें सुनी और फिर तेज गेंदबाज आवेश खान के साथ मस्ती करने लगे। उसके बाद पंत हंसते हुए वहां से चले गए।

वहीं कमेंटेटर ने ऑन एयर कहा कि, आज सुबह इंडिया ए की टीम हडल में नीली टी-शर्ट पहने ये शख्स कौन है। ये इंडिया बी के ऋषभ पंत हैं। उन्हें प्लान पता चल गया है। पंत के वीडियो पर क्रिकेट फैंस जमकर ठहाके लगा रहे हैं।

फिलहाल मैच की बात करें तो, दूसरी पारी में पंत ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने 47 गेंदों में 61 रन की पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 2 छक्के शामिल हैं। वह पहली पारी में सात रन बनाकर आउट हो गए थे। इंडिया बी ने बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडिया ए को 76 रन से हरा दिया।

पैरा खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपने को साबित किया

पेरिस। पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने टोक्यो पैरालंपिक से भी अधिक पदक जीतकर एक बार फिर अपने को साबित कर दिया है। टोक्यो में जहां 19 पदक मिले थे। वहीं पेरिस में 25 से ज्यादा पदक मिले हैं। पैरालंपिक खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण जीत लिए हैं। पेरिस ओलंपिक में भारत को एक भी स्वर्ण पदक के अलावा कुल 7 पदक से ज्यादा नहीं मिले हैं। 7 पदक टोक्यो ओलंपिक में मिले थे। दूसरी ओर पैरा खिलाड़ियों ने पदकों की जबरदस्त छलांग लगायी है। पैरालंपिक में शामिल खिलाड़ियों की संख्या भी ओलंपिक से काफी कम है। रियो में भारत के 19 पैरा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और 2 स्वर्ण सहित पदक सहित 4 पदक जीते। इसके बाद टोक्यो पैरालंपि?क में भारत के 54 पैरा एथलीट्स उतरे और इसमें भारत ने 5 स्वर्ण सहित 19 पदक जीते। वहीं पेरिस पैरालंपिक में एथलीट्स की संख्या बढ़कर 84 हुई तो पदक भी बढ़े हैं। पेरिस में जहां भारत ने 12 खेलों में हिस्सा लिया। वहीं टोक्यो में भारतीय खिलाड़ी 9 खेलों में ही उतरे थे। भारत ने पेरिस में तीन नए खेलों पैरा-साइक्लिंग, पैरा-रोइंग और ब्लाइंड जूडो में भी भाग लिया और पदक जीते। वहीं इस बार महिला एथलीटों ने पुरुषों से अधिक अच्छा प्रदर्शन किया।

संन्यास के बाद कोच बनेंगे स्टोक्स

लंदन । इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद ब्रेंडन मैकुलम की तरह ही कोच बन सकते हैं। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के वर्तमान मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद ही कोचिंग का काम शुरु किया था। मैकुलम न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के करीब 6 साल बाद मैकुलम को टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड का मुख्य कोच नियुक्त किया गया हालांकि इससे पहले वह कई जगह कोच रहे हैं। स्टोक्स और मैकुलम दोनों के बीच काफी अच्छी बांडिंग है। दोनों ही मिलकर इंग्लैंड की टेस्ट टीम में बैजबॉल के नाम से लोकप्रिय हुई आक्रामण रणनीति लाये हैं। इसी को देखते हुए माना जा रहा है कि अब स्टोक्स संन्यास के बाद मैकुलम की ही राह पर चलेंगे। स्टोक्स ने कोच बनने की अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि खेल के प्रति उनका प्यार उन्हें संन्यास के बाद भी क्रिकेट के मैदान को नहीं छोड़ने के लिए मजबूर करेगा। इसी कारण वह कोच के तौर पर खेल से जुड़े रहेंगे। स्टोक्स ने कहा कि मैं ऐसे लोगों में नहीं हूं जो खेलना छोड़ देने के बाद क्रिकेट से जुड़े न रहें। मैं खुद को कोच बनने की राह पर आगे बढ़ते हुए देखता हूं। मुझे लगता है कि ये खेल के प्रति मेरे प्यार के कारण है। जब मैं खेलना छोड़ दूंगा तो मैं कुछ लोगों के करियर को प्रभावित करने की कोशिश करना चाहूंगा। स्टोक्स ने एकदिवसीय प्रारुप से संन्यास ले लिया था पर एकदिवसीय विश्वकप 2023 से ठीक पहले उन्होंने खेल में वापसी कर ली थी।

मुशीर के भविष्य में बेहतर क्रिकेटर बनकर उभरने की संभावना : दहिया

बेंगलुरु। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज विजय दहिया ने दिलीप ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवा क्रिकेटर मुशीर खान की प्रशंसा की है। दहिया ने कहा कि मुशीर भविष्य में एक बेहतर क्रिकेटर बन सकता है क्योंकि वह मजबूत मानसिकता वाला खिलाड़ी है। ऐसे में अगर वह निरंतरता बनाए रखता है तो भविष्य में भारतीय टीम में जगह का दावेदार बन जाएगा। मुशीर ने बेंगलुरु में चल रहे दलीप ट्रॉफी में भारत बी की ओर से शानदार शतक लगाया है। मुशीर की इस पारी से उनकी टीम भारत ए के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। जब मुशीर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे तो टीम ने 100 रनों के अंदर ही सात विकेट खो दिये थे पर मशीर ने दबाव के बीच भी रन बनाते हुए टीम का 300 रनों से ऊपर पहुंचा दिया। मुशीर की इसी बल्लेबाजी से प्रभावित दाहिया ने कहा, 'मुशीर को उनकी मानसिकता सबसे अलग बनाती है क्योंकि वह इसमें मजबूत दिखता है। मेरा माना है कि वह इसी प्रकार लगातार रन बनाता रहा तो वह भारतीय टीम के लिए बहुत अच्छा विकल्प हो सकता है। मुशीर की निरंतरता से भी दहिया प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, 'उनकी बल्लेबाजी की सबसे खास बात रन बनाने में निरंतरता है। उसने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल और फाइनल में रन बनाए और फिर में घरेलू क्रिकेट के पहले दिन ही शतक लगा दिया। दहिया ने कहा, 'मुशीर ने बाएं हाथ के स्पिनर के तौर पर शुरूआत करते हुए बल्लेबाजी में भी अपनी जगह बना ली है। इससे पता चलता है कि अगर मेहनत से कोई चीज की जाये तो सफलता अवश्य मिलती है।

भारत 2030 युवा ओलंपिक के लिए दावेदारी पेश करेगा: खेल मंत्री

नयी दिल्ली (एजेंसी)। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने के लिए तैयार है, जो 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। वर्ष 2030 में पांचवें युवा ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। मांडविया ने यहां एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) की 44वीं महासभा के अवसर पर कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रहे हैं, लेकिन हमारा ध्यान 2036 ओलंपिक की मेजबानी पर है।''

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, ''मोदीजी के नेतृत्व में हमने क्रिकेट विश्व कप, फुटबॉल अंडर-17 विश्व कप सहित कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया।'' युवा ओलंपिक 2023 की मेजबानी हासिल करने के लिए भारत के अलावा पेरू, कोलंबिया, मैक्सिको, थाईलैंड, मंगोलिया, रूस, यूक्रेन, बोस्निया और हर्जेगोविना भी दौड़ में शामिल हैं।

कृति की मेहनत रंग लाई, यूपी अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम में जगह मिली

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद की 17 साल की कृति यादव को यूपी अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम में जगह मिली है। कृति का यहां तक का सफल आसान नहीं रहा। उसे हर दिन 5 किलो मीटर जाकर अभ्यास करना पड़ता है जिसका फल अब उसके मिला है। कृति को बचपन से ही क्रिकेट का शौक था। उसका जुनून देखकर उनके पिता ने उन्हें तीन साल पहले फिरोजाबाद क्रिकेट एकेडमी में दाखिला दिलाया। इसके बाद से ही कृति का क्रिकेटर बनने का सफर शुरु हुआ। कृति ने कहा कि वह रोज सुबह पांच बजे साइकिल से 5 किलोमीटर दूर जाकर प्रैक्टिस करती थी। कठिन प्रयासों के बाद ही उसे अंडर-19 टीम में जगह मिली है। कृति ने कहा कि यह एक बड़ा मौका है और अब वह कानपुर में यूपी अंडर-19 टीम के साथ खेलेगी। वही कृति के कोच मिथुन उपाध्याय ने बताया कि जब कृति तीन साल पहले एकेडमी में दाखिला लेने आई थी, तभी से उनमें एक अलग ही प्रतिभा नजर आई थी। वह नियमित रूप से सुबह जल्दी आकर कड़ी मेहनत करती थी। दाहिने हाथ की बल्लेबाज के रूप में उन्होंने खुद को निखारा है। कोच ने कहा कि यह शहर के लिए गर्व की बात है कि यहां की एक लड़की यूपी की अंडर-19 टीम में चयनित हुई है। उसका सपना अब अंडर-19 टीम में बेहतर प्रदर्शन कर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाना है।

घरेलू हालातों के कारण स्पिनरों के लिए टीम में जगह बनाना होता है मुश्किल: एजाज

ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल इंग्लैंड के जिम लेकर और भारत के अनिल कुंबले के बाद एक ही पारी में 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज है। इसके बाद भी एजाज अब तक 16 टेस्ट ही खेल पाये हैं। इसमें उन्होंने 5 के औसत से 62 विकेट लिए हैं। इसी को लेकर इस स्पिनर का दर्द फूट पड़ा। एजाज ने कहा कि एक पारी में दस विकेट लेने के बाद भी उसे खेलने का काफी कम अवसर मिला है। एजाज ने अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से पहले कहा कि न्यूजीलैंड के घरेलू हालात तेज गति के अनुकूल होने के कारण स्पिनरों को मुश्किल से अवसर मिल पाता है। इसके बाद भी स्पिनर जब भी अवसर मिलते हैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करते हैं।

अजाज ने कहा कि, मुझे लगता है कि यदि आप न्यूजीलैंड के सभी स्पिनरों से पूछें, तो वे भी कहेंगे कि घरेलू परिस्थितियों के कारण घर पर कई अवसर प्राप्त करना मुश्किल होता है पर

मुझे यह भी लगता है कि जब आप इस तरह की घरेलू परिस्थितियों में आते हैं तो बेहतर प्रदर्शन की अधिक चाहत होती है। आप हालातों को जानते है यह स्पिन के अनुकूल है। आप वहां जाने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार होते है। यह वास्तव में खेल में जाने और हालातों का आनंद लेने के बारे में है।

एजाज ने कहा कि एक पेशेवर माहौल में खिलाड़ियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे बाहर जाएं और अपने खेल में सुधार करते रहें और आगे बढ़ते रहें। मुझे लगता है कि 10 विकेट के बाद हां, आप निश्चित रूप से थोड़ा निराश हैं क्योंकि आपको अधिक अवसर नहीं मिलते हैं, लेकिन साथ ही, एक खिलाड़ी के रूप में, यह अभी भी आपके खेल को बढ़ाने के बारे में है। मैंने 10 विकेट लेने के बाद अपना रन अप थोड़ा बदला है। यह हमेशा सुधार करने के बारे में है और यह हमेशा यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि अगला अवसर आने पर आप तैयार हैं। न्यूजीलैंड के लिए खेलना हमेशा सौभाग्य की बात है और निश्चित रूप से अपने देश के लिए खेलना कभी नहीं आसान है और उन अवसरों को प्राप्त करना हमेशा काफी खास होता है।

पीसीबी पर भडके पाक के पूर्व क्रिकेटर यासिर अराफात

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शर्मनाक हार के बाद आजकल क्रिकेट टीम और पाक बोर्ड (पीसीबी) को जमकर कोस रहे हैं। इन क्रिकेटरों का मानना है कि खिलाड़ियों के अलावा बोर्ड भी टीम की खराब हालत के लिए जिम्मेदार है। इन दिग्गजों का माना है कि पीसीबी इसके बाद भी सबक लेने को तैयार नहीं है। इसी को लेकर पूर्व क्रिकेटर यासिर अराफात ने पीसीबी को एक सर्कस करार दिया है। यासिर के अनुसार पीसीबी किसी सर्कस की तरह है जिसमें जोकर भरे हुए हैं। यासिर ने ये बात इसलिए कही है क्योंकि पाक टीम को 7 अक्टूबर से इंग्लैंड की तीन टेस्ट के लिए मेजबानी करनी है पर बोर्ड ने अभ्यास के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट की जगह पर एक वनडे टूर्नामेंट का आयोजन किया है। यासिर ने कहा, अब भी आप देख लें, आपकी यह सीरीज खत्म हो रही है। इतने कमजोर क्षेत्र सामने आये हैं फिर भी गंभीरता नहीं है। टीम में फिटनेस के साथ ही तकनीक को लेकर भी परेशानी है। इसके अलावा पिच और मैदान को लेकर भी कुछ समस्याएं हैं। इसके बाद भी कोच जेसन गिलेस्पी वापस ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं और उसके बाद एकदिवसीय टूर्नामेंट कराया जा रहा है। मुझे इस तरह के फैसलों को देखकर पीसीबी एक सर्कस की तरह नजर आता है। जिसमें जोकर्स जोक होते हैं , वे ही टेस्ट सीरीज से पहले टीम को एकदिवसीय टूर्नामेंट खिला सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा, टीम के कप्तान शान मसूद कहते हैं कि प्लेयर्स ने डेढ साल से टेस्ट या फर्स्ट क्लास मैच नहीं खेला। वहीं आज ऐसे हालातों में इंग्लैंड जैसी बड़ी टीम के खिलाफ खेलने जा रहे हैं।

25 बरस के हुए शुभमन गिल, वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले दुनिया के सबसे युवा बल्लेबाज

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 8 सितंबर को अपना 25वां जन्मदिन मना रहे हैं। काफी कम समय में शुभमन गिल ने भारतीय क्रिकेट में खुद को स्थापित किया है और वो क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में टीम इंडिया के रेगुलर खिलाड़ी बन चुके हैं। गिल इस समय भारतीय टी20 और वनडे टीम के उपकप्तान भी हैं और उन्हें टीम इंडिया के भविष्य के कप्तान के रूप में भी देखा जा रहा है। शुभमन गिल ने आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस की कप्तानी भी की थी।

बता दें कि, शुभमन गिल ने अपने क्रिकेट करियर में कुछ रोचक रिकॉर्ड्स अपने नाम दर्ज किए हैं। वो इस समय वर्ल्ड क्रिकेट में वनडे प्रारूप में दोहरा शतक लगाने वाले दुनिया के सबसे युवा बल्लेबाज हैं और उन्होंने पिछले साल यानी साल 2023 में अपने साथी खिलाड़ी इशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा था। गिल ने 19 जनवरी 2023 में अपने साथी खिलाड़ी इशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा था।

गिल ने 18 जनवरी 2023 को न्यूजीलैंड के खिलाफ इशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा था। गिल ने 18 जनवरी 2023 को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने वनडे करियर का दोहरा शतक लगाया था और 208 रन की पारी खेली थी। उन्होंने ये कमाल 23 साल 132 दिन की उम्र में किया था और इशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा था। इशान किशन ने वनडे में पहला दोहरा शतक 24 साल 145 दिन की उम्र में लगाया था।

वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले युवा खिलाड़ी

23 वर्ष 132 दिन में शुभमन गिल ने 208 रन 149 गेंदों में बनाए

24 वर्ष 145 दिन में इशान किशन ने 210 रन 131 गेंदों में बनाए

25 वर्ष 267 दिन में पथुम निसांका ने 210 रन 139 गेंदों में बनाए।

26 वर्ष 186 दिन रोहित ने 209 रन 158 गेंदों में बनाए

समाचार गेट
TITLE CODE: HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर-6 नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक, कृष्णा शर्मा। सम्पादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: ब्रह्मदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : samachargate@gmail.com

मेरे लिए मुश्किल था एक खौफनाक हत्यारे की भूमिका निभाना

12वीं फेल एक्टर विक्रांत मैसी की फिल्म 'सेक्टर 36' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। एक्टर विक्रांत मैसी ने 'सेक्टर 36' में निभाए अपने किरदार के बारे में बात की। उन्होंने फिल्म का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे लिए एक ऐसे खौफनाक हत्यारे की भूमिका को निभाना काफी मुश्किल था। जो किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह दिख सकता है। विक्रांत ने कहा, इस फिल्म के लिए प्रेम के किरदार को निभाना, मेरे लिए पहले किए गए किसी भी किरदार से अलग था। एक खौफनाक हत्यारे के किरदार को अच्छी तरह से निभाना जो किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह दिख सकता हो, वो मेरे लिए मुश्किल काम था। उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर आदित्य निंबालकर की तारीफ की। उन्होंने कहा, आदित्य निंबालकर ने इस अजीबोगरीब दुनिया को बहुत ही सावधानीपूर्वक बनाने में शानदार काम किया है। यह एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण फिल्म है। हम उम्मीद करते हैं कि दर्शक इस तरह की कहानियों को बताने की जरूरत को समझ पाएंगे। फिल्म 'सेक्टर 36' निठारी कांड पर आधारित है। इस फिल्म के ट्रेलर में इंस्पेक्टर राम चरण पांडे नाम के एक किरदार को दिखाया गया है, जिसे एक्टर दीपक डोबरियाल ने निभाया है। ट्रेलर के मुताबिक, वह वॉर्निंग के बावजूद सीरियल किलर का पीछा करते हैं। साथ ही वह लापता बच्चों का पता लगाते हैं। यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। सेक्टर 36 का निर्देशन आदित्य निंबालकर ने किया है, जो उनकी डेब्यू फिल्म है। दीपक डोबरियाल ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, फ्मैं शुरुआत से ही सेक्टर 36 की स्क्रिप्ट को पढ़कर मंत्रमुग्ध हो गया था। यह एक पावरफुल थ्रिलर फिल्म है, जो समाज में असमानता को सामने लाती है और यह बताती है कि अपराध कैसे फलता-फूलता है फ्। बता दें कि फिल्म फ्सेक्टर 36फ् 13 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। दीपक डोबरियाल के करियर की बात करें तो वह ओमकारा (2006), शौर्य (2008), तनु वेड्स मनु (2011), दबंग 2 (2012), चोर-चोर सुपर चोर (2013), तनु वेड्स मनु रिटर्न्स (2015), प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्मों में नजर आए हैं। इसके अलावा उन्होंने हिंदी मीडियम (2017) और अंग्रेजी मीडियम (2020) में भी काम किया है।

करीना एक्शन-थ्रिलर फिल्मों से मचाएंगी धमाल, द बकिंघम मर्डर्स के बाद सिंघम अगेन होगी रिलीज

इस दिनों करीना कपूर अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। करीना की इन आने वाली ज्यादातर फिल्मों में आपको एक्शन, थ्रिलर, सस्पेंस और रोमांस भर-भरकर दिखाई देगा। जल्द ही करीना द बकिंघम मर्डर्स में एक अलग ही अंदाज में नजर आएंगी। द बकिंघम मर्डर्स में करीना एक मर्डर मिस्ट्री को सुलझाती नजर आएंगी। इस फिल्म में आपको भरपूर सस्पेंस और थ्रिलर देखने को मिलेगा। द बकिंघम मर्डर्स के अलावा करीना कपूर सिंघम अगेन को लेकर भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। रोहत शेट्टी की धमाकेदार एक्शन फिल्म सिंघम 3 में करीना एक्शन करती नजर आएंगी। सिंघम फिल्म की तीसरी किस्त में करीना अवनी बाजीराव सिंघम की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में इस बार करीना एक्शन करती भी नजर आएंगी। इस फिल्म में करीना के अलावा टाइगर श्रॉफ, अजय देवगन, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, करीना निर्देशक-निर्माता करण जौहर की आगामी पीरियड ड्रामा फिल्म तख्त में भी नजर आएंगे। करीना के अलावा इस फिल्म में कई स्टार्स नजर आएंगे। हालांकि, अभी इस फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वीरे दी वेडिंग की दूसरी किस्त वीरे दी वेडिंग 2 आ सकती है। जिसमें एक बार फिर से करीना के अलावा कई अभिनेत्रियां नजर आएंगी।

द परफेक्ट कपल में निकोल किडमैन संग काम कर रहे हैं ईशान खट्टर

नेटफ्लिक्स की आगामी ड्रामा सीरीज द परफेक्ट कपल का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इसमें मशहूर हॉलीवुड अभिनेत्री निकोल किडमैन मुख्य भूमिका में नजर आ रही हैं। वहीं, हिंदी फिल्मों के अभिनेता ईशान खट्टर की यह पहली हॉलीवुड सीरीज है। दो मिनट से भी अधिक लंबे इस ट्रेलर में विनबरी परिवार की कहानी दिखाई गई है, जो एक मर्डर की जांच का केंद्र बन जाते हैं। उनके घर के पास एक शव पाया जाता है, जिसके बाद कहानी अलग मोड़ ले लेती है।

दिखी ईशान खट्टर की झलकियां

एमेलिया सैक्स नैनटकेट के सबसे अमीर परिवारों में से एक में शादी करने वाली है। ये शादी तब बाधित होती है, जब समुद्र तट पर एक शव पाया जाता है। यह कौन है और यह सब विनबरी परिवार से कैसे जुड़ा है, ये इस सीरीज की कहानी है। इस पूरे ट्रेलर में ईशान खट्टर की दो झलक देखने को मिलती है। इनमें से एक बार तो वह पलक झपकते ही गायब भी हो जाते हैं। ट्रेलर में संवाद काफी कम दिखाए गए हैं। ईशान कोई भी डायलॉग बोलते नजर नहीं आए हैं। ऐसा लगता है कि वह परिवार के किसी सदस्य या किसी दोस्त की भूमिका में नजर आ सकते हैं। यह सीरीज एलिन हिल्डरब्रांड की 2018 की किताब पर आधारित है, जो नानकुट के एक अमीर परिवार के बारे में है। सितारों से भरे इस सीरीज का निर्देशन ऑरकर विजेता सुजैन बियर ने किया है। वह इससे पहले द नाइट मैनेजर और द अनडूइंग जैसे पुरस्कार विजेता सीरीज का निर्देशन कर चुके हैं। द परफेक्ट कपल में निकोल किडमैन और लिव श्राइबर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

थम्बा में नजर आएगी आयुष्मान और रश्मिका की जोड़ी

निर्देशक अमर कौशिक इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म स्त्री 2 की सफलता का आनंद ले रहे हैं। उनके निर्देशन में बनी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हो चुकी है। इस हॉरर कॉमेडी को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म रिलीज के तीसरे सप्ताह में भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसके बाद अब वह अपनी आगामी फिल्म पर काम शुरू करने के लिए तैयार हैं, जो इस हॉरर कॉमेडी की दुनिया का हिस्सा होने वाली है। उनके इस हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में महिला भूत, पुरूष भूत, भेड़िया, ब्रह्मपिचाश के बाद अब वैंपायर्स शामिल होने वाले हैं। निर्देशक ने इस फिल्म का नाम भी घोषित कर दिया है। दो महीनों में शुरू हो जाएगी थम्बा की शूटिंग हाल ही में इंडिया टुडे से एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी आगामी फिल्म के शीर्षक की पुष्टि की है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए कहा, हम अगले दो महीनों में इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे। अमर कौशिक इस फिल्म से बतौर निर्माता जुड़ेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुंजा के निर्देशक आदित्य सरपोतदार करने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग नवंबर से शुरू किए जाने की उम्मीद है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना नजर आने वाले हैं। आयुष्मान खुराना इससे पहले भी दिनेश विजान के निर्माण में बनी फिल्म बाला में काम कर चुके है, जिसका निर्देशन अमर कौशिक ने ही किया था। थम्बा में आयुष्मान और रश्मिका पहली बार स्क्रीन पर साथ नजर आने वाले हैं। अभिनेता इस फिल्म में अपने अनोखे किरदार से दर्शकों को हैरान करने वाले हैं।

हिट 3 में पुलिस के अवतार में खूंखार अपराधी बने नानी

नेचुरल स्टार नानी इन दिनों अपनी हालिया फिल्म सारिपोधा सानिवारम की अपार सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। विवेक अथरेया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रियंका मोहन और एसजे सूर्या ने अहम भूमिका निभाई है। वहीं इस बीच अब नानी के अगली नई फिल्म पर दिलचस्प अपडेट सामने आया है। नानी की अगली फिल्म हिट 3 है, फिल्म की घोषणा के साथ इसका पहला पोस्टर और टीजर निर्माताओं ने जारी किया है।

टीजर में भयंकर अवतार में दिखे नानी

अभिनेता नानी की हिट 3 का पोस्टर और टीजर जारी किया गया। यह हिट फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है, जिसमें नानी एक क्रूर पुलिस अधिकारी अर्जुन सरकार की भूमिका निभा रहे हैं। प्रोमो में नानी एक निर्दयी पुलिस वाले के रूप में दिखाई दे रहे हैं, जो अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। इसमें नानी को एक भयंकर अवतार में दिखाया गया है। सिनेमा चेन पीवीआर द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर टीजर साझा किए जाने के बाद नानी ने फिल्म का पोस्टर एक कैप्शन के साथ साझा किया, जिसमें लिखा था, पुलिस कम, अपराधी ज्यादा। अर्जुन सरकार ने कार्यभार संभाला। नानी 32 अब हिट द थर्ड केस है। खून के दरवाजे 1 मई 2025 को खुलेंगे।

इस दिन रिलीज होगी फिल्म

हिट 3 की घोषणा कुछ साल पहले निर्देशक डॉ. शैलेश कोलानू ने की थी। यह फिल्म अगले साल यानी 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्माण वॉल पोस्टर सिनेमा ने यूनिनामस प्रोडक्शंस के साथ मिलकर किया है। नानी को आखिरी बार सारिपोधा सानिवारम में देखा गया था, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



मानव ने साझा किया तनाव 2 में काम करने का अनुभव

दो साल बाद सफल वेब शो तनाव अपने दूसरे सीजन के साथ वापस आ रहा है। यह थ्रिलर कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित है और यह इजराइली सीरीज फौदा का रूपांतरण है। शो में मानव विज और अरबाज खान मुख्य भूमिका में हैं और यह सितंबर में रिलीज होने वाला है। मानव ने कबीर की भूमिका निभाई है, जो अब स्पेशल टास्क ग्रुप के साथ नए खतरे का सामना करने के लिए तैयार है। तनाव सीजन 2 बहादुरी, धोखे, लालच, प्यार और बदले की एक्शन से भरपूर कहानी पेश करेगी। मानव विज एक सेवानिवृत्त स्पेशल टास्क फोर्स सदस्य की भूमिका निभाते नजर आएंगे, जो एक दर्दनाक तलाक के बाद के स्थितियों से जूझ रहे हैं। वहीं अब मानव ने सीरीज के फिल्मांकन के बारे में बात की और पहले सीजन की सफलता के बाद अब दूसरे सीजन को लेकर भी अपना उत्साह व्यक्त किया। अनुभव के बारे में बात करते हुए मानव ने कहा, तनाव 2 पर काम करना एक अविस्मरणीय अनुभव था। विशेष रूप से संघर्ष, प्रतिशोध के गहन विषयों के साथ यह रोमांचक था, लेकिन जो वास्तव में सबसे अलग था, वह सेट का माहौल था, जो एक मिनट के लिए गंभीर था और फिर सब मिलकर भरपूर हंसते थे। सेट पर बनाए दोस्ती के रिश्ते मानव ने आगे कहा, भावनात्मक रूप से सबसे कठिन दृश्यों की शूटिंग के दौरान भी हमारे बीच जो बंधन बने, उन्होंने माहौल को सकारात्मक बना दिया। ईमानदारी से कहूं तो यह सिर्फ इतना ही नहीं है कि सुधीर सर सभी के लिए खाना लाते थे और हमारे ब्रेक को कहानी के समय में बदल देते थे। यह अदृश्य बंधन है, जो किसी शो की कहानी को बढ़ावा देता है। इस उद्योग में इस तरह का बंधन बनाना दुर्लभ है और मेरा मानना है कि यह दर्शकों भी स्क्रीन पर इसे देख इसका आनंद लेंगे।

इस दिन रिलीज होगी सीरीज

मुख्य भूमिकाओं में मानव विज और अरबाज खान के अलावा शो में गौरव अरोड़ा, एकता कौल, सत्यदीप मिश्रा, अर्सलान गोनी, सोनी राजदान, साहिबा बाली और दानिश हुसैन जैसे कलाकार भी हैं। सुधीर मिश्रा और ई. निवास द्वारा निर्देशित, तनाव सीजन 2 को अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित किया गया है। पुरस्कार विजेता सुधीर मिश्रा और ई. निवास द्वारा निर्देशित तनाव सीजन 2 12 सितंबर 2024 को रिलीज होगी।

रूपहले पर्दे के हर रंग में बखूबी रंगी मानवी गगरू

मानवी गगरू ने अपने टैलेंट के दम पर इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। मानवी, कश्मीरी पंडित परिवार से ताल्लुक रखती हैं।

मानवी ने साल 2017 के शो धूम मचाओ धूम से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। अभिनेत्री ने शो फोर मोर शॉट्स प्लीज के लिए सबसे ज्यादा वाहवाही बटोरी। मानवी, फिल्म उजड़ा चमन और शुभ मंगल ज्यादा सावधान में भी नजर आ चुकी हैं।